सोमवार
04 मार्च 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से किया इनकार
2



## पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की ओर से जन विश्वास महारैली का आयोजन, उमड़ी भीड़

# आगामी चुनाव में भाजपा को नेस्तनाबूद कर देंगे: लालू

- महारैली में राजद, कांग्रेस, सपा व वामदलों के दिग्गज नेता शामिल हुए
- तेजस्वी बोले- चाचा जहां भी रहें, खुश रहें, कहा कि बिहार में 17 महीने में जो हुआ, 17 साल में नहीं हुआ था
- लालू बोले- हमने मंडल कमीशन लागू कराया, इसी का नतीजा है कि आज कोई भी अपने को बड़ा कहने वाला गरीबों को आंख नहीं दिखा सकता





**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को महागठबंधन की ओर से जन विश्वास महारैली का आयोजन किया गया। इसमें आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। आरजेडी प्रमुख लालू यादव अरसे बाद किसी रैली में शामिल हुए। उन्होंने रैली से हुंकार भरी, कहा कि मैं आह्वान करता हूं कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नेस्तनाबूद कर देंगे। रैली में कांग्रेस सासंद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी. राजा समेत कई नेता शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि चाचा ( नीतीश कुमार ) जहां भी रहें, खुश रहें। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में 17 महीने में जो कुछ भी हुआ, 17 साल में भी नहीं हुआ था। तेजस्वी यादव ने कहा कि गांधी मैदान राजनीतिक रैली के लिए जाना जाता था। लेकिन तेजस्वी ने इसी गांधी मैदान को रोजगार रैली में बदल दिया। 2 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। और वह भी वही थके हारे सीएम से, जिन्होंने कभी उलाहना देते कहा था कि कहां से दोगे नौकरी। पैसा बाप के यहां से लाओगे या जेल से मंगवाओगे? पर हमने उसी चाचा के हाथ से, पांच लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिलाया। अभी स्वास्थ्य विभाग में एक लाख 30 हजार पब्लिक हेल्थ केयर के क्षत्र में नौकरी देनी थी। पर फाइल पर चाचा बैठ गए। हमने आशा कार्यकर्ता का भी वेतन बढ़ाया, पर वह फाइल भी चाचा दबा कर बैठ गए। लेकिन तेजस्वी ने इस तरह के विरोध के बाद भी वह कार्य किया, जो 17 साल में नहीं हुआ वह 17 माह में हुआ। 17 माह में क्या हुआ । पांच लाख नौकरी, जातीय सर्वे और आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत तक ले जाने का काम किया।

### तेजस्वी ने किया दावा... 2024 में जदयू रहेगा ही नहीं

तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते कहा कि ये वही लालू यादव हैं जिन्होंने यूपीए की सरकार में रेलवे को 90 हजार करोड़ का मुनाफा दिलाया। मोदी जी बताएं इन 10 सालों में रेलवे को कितना लाभ पहुंचाया। मोदी जी जनता को लाभ दिया कि पूंजीपतियों को लाभ दिलाया? मोदी जी गारंटी की बात करते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं आप चाचा की गारंटी लेंगे! जब चाचा कह रहे थे कि अब कही नहीं जाएंगे। अब यहीं रह जाएंगे। तो मोदी जी आप क्यों हंस रहे थे। आखिर चाचा को क्या जरूरत पड़ गई कि बार-बार यही दोहरा रहे हैं कि अब यहीं रहूंगा। चाचा जी मैं कहता हूं 2024 में जदयू रहेगा ही नहीं। फिर कहीं जाने की जरूरत ही क्या ? तेजस्वी यादव ने कहा राजद का मतलब जान लीजिए। राजद के आर का मतलब राइट (अधिकार) जे का मतलब जॉब (रोजगार) और डी का मतलब डेवलपमेंट है। यानी अधिकार, नौकरी और विकास करने वाली पार्टी। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा वाले ईडी और सीबीआई का सहारा लेकर डराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, हमलोग डरने वाले नहीं है। भाजपा वाशिंग मशीन के साथ-साथ डस्टबीन वाली पार्टी हो गई है। भाजपा ने दो-दो उपमुख्यमंत्री बनाया है। एक तो अनाप-शनाप बोला है दूसरा बड़बोला है। सम्राट चौधरी पर तंज कसते हुए कहा कि एक जो बड़बोले हैं, वह 14 साल से चुनाव नहीं लड़े हैं।

### सत्ता में आते ही हमने गरीबों को ताकत दी: लालू प्रसाद

गांधी मैदान पटना में आयोजित जन विश्वास रैली में लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। कहा कि 1990 में आप सब को हमारे नौजवानों को पता है कि दलित-पिछड़ों को लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित रखा जाता था। वोट के अधिकार से वंचित रखा जाता था। वोट और मतदान केंद्र सामंती लोग अपने दरवाजे पर रखते थे। किसी गरीब को आने नहीं देते थे। हमने गरीबों को ताकत दिया। पिछड़ों को ताकत दिया। लालू ने कहा कि हमने इसी गांधी मैदान में छोटी-छोटी जातियों का सम्मेलन कराया। सबको बुलाया। सबसे भाषण कराया। पूरा बिहार नहीं, देश भर में गरीबों को जो अधिकार दिया। मंडल कमीशन लागू कराया। मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज कोई भी अपने को बड़ा कहने वाला गरीबों की तरफ आंख नहीं दिखा सकता। हिम्मत नहीं है। लालू यादव ने कहा कि पहले कुआं पर अगर दलित महिला पानी भर लेती थी। कुआं को शुद्ध किया जाता था। अब ऐसा नहीं है। लालू यादव ने तेजस्वी काफी मेहनत कर रहा है। देख रहा हूं। आप लोग इतना ताकत दिया। तेजस्वी ने लोगों को रोजगार दिया। हम रोज पूछते थे कि आज कितना नौकरी दिया। लालू प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार जी को हमने कोई गाली-गलौज नहीं दिया। नीतीश कुमार जब पहली बार हमारी पार्टी से नाता तोड़े थे तो हमने कहा था कि ये पलटू राम हैं। नीतीश कुमार को नहीं पलटना चाहिए था। तेजस्वी और हमसे दोबारा गलती हो गई। दोबारा नीतीश कुमार पलट गए। नीतीश कुमार अचानक नरेंद्र मोदी के पैरों को नीचे चले गए। लालू यादव ने कहा कि हम मोबाइल पर देखते हैं कि नीतीश कुमार को डांसर बनाके सोशल मीडिया पर रील शेयर करता है। क्या ये नीतीश कुमार को अच्छा लगता है। नीतीश कुमार को शर्म नहीं आती है क्या। लालू यादव ने कहा कि मैं गांधी मैदान की रैली से आज ये आह्वान करता हूं कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नेस्तनाबूद कर देंगे।

### आज देश में सबसे अधिक बेरोजगारी: राहुल गांधी

जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है और बिहार से ही बदलाव शुरू होता है। राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ दो-तीन लोगों के लिए काम करते हैं और उनका 16 लाख करोड़ रुपये पिछले 10 साल में माफ किया गया। राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी ने हिंदुस्तान के किसान का कितना कर्ज माफ किया? पीएम ने हिंदुस्तान के मजदूर का कितना कर्ज माफ किया। राहुल गांधी ने कहा, 40 साल के समय में आज सबसे अधिक बेरोजगारी देश में है। भाजपा ने हिंदुस्तान के किसान और व्यापारियों के काम को खत्म कर दिया है। पीएम मोदी ने छोटे और लघु उद्योग को खत्म कर दिया है। पीएम मोदी के नोटबंदी और जीएसटी से लोगों का रोजगार नष्ट हुआ। देश में बड़े उद्योगपतियों की मोनोपोली बन गई है।

### सिहांसन खाली करो, जनता आ रही है: दीपांकर भट्टाचार्य

वामदल के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली की सरकार से मैं कहता हूं सिहांसन खाली करो, जनता आ रही है। पिछले 10 साल से जो पार्टी जनता के साथ विश्वासघात कर रही है, उसका काम केवल बुलडोजर चलाना है। उस पार्टी का काम है बुलडोजर से पूरे देश की अर्थव्यवस्था को रौंद देना। अब बुलडोजर पार्टी नहीं चलेगी। किसान दिल्ली की सीएम पर आना चाहते हैं। यह सरकार अंबानी और अडाणी के आगे खुद कालीन बनकर बिछ जाती है। अंबानी के बेटे की शादी का नजारा यह लोग देख रहे हैं, लेकिन, किसानों को दिल्ली आने नहीं दे रहे हैं। भाजपा वाले भारत रत्न का इस्तेमाल सत्ता के लिए करेंगे यह किसी ने सोचा नहीं होगा। आज कपूर्री जी को सम्मान देने के नाम पर विधायकों को तोड़ा जा रहा है। खरीदा जा रहा है। और, जो झुक नहीं रहा उसका हाल माले विधायक मनोज मंजिल को तरह कर दिया जाता है। मनोज को फर्जी मुकदमे में फंसाया गया है।

## भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन ने किया राजनीति से संन्यास का एलान

**एजेंसी/नई दिल्ली**



लोकसभी चुनाव 2024 के लिए भाजपा के उम्मीदवारों पहली लिस्ट आने के बाद राजधानी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास का एलान कर दिया है। इससे पहले, पूर्व दिल्ली से भाजपा के सांसद गौतम गंभीर और झारखंड के हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा की पहली लिस्ट आने से पहले ही सक्रिय राजनीति से अलग करने का आग्रह किया था। वहीं, अब सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने भी सक्रिय राजनीति से खुद को अलग करने का फैसला लिया है। डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। डॉ. हर्षवर्धन ने तीस साल से ज्यादा के शानदार चुनावी करियर में मैंने सभी पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े, जिनमें मैंने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इनके अलावा, पार्टी संगठन, राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्य भी किया। अब मैं वापस अपने काम की ओर लौटना चाहता हूं। कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लिनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है।

## पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा... बोलना है तो योजनाओं पर बोलें, विवादित बयानों से बचें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मंत्रिपरिषद की एक दिवसीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें विकसित भारतः 2047 लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार किए गए विजन दस्तावेज पर मंथन किया गया, साथ ही अगले पांच साल के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। मंत्रिपरिषद में पीएम मोदी ने मंत्रियों को करीब 1 घंटे संबोधित किया। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने मंत्रियों को कहा कि वह बोलने में परहेज करें, सोच समझकर बोलें। पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा कि बोलना है तो योजनाओं पर बोलें, विवादित बयानों से बचें।

पीएम मोदी ने डीप फेक से बचने की सलाह भी अपने मंत्रियों के दी। उन्होंने कहा कि आवाज बदलकर धोखा देने की जो कोशिश की जाती है, उससे सतर्क रहें। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने राज्यसभा के सांसदों को चुनाव लड़ने को कहा था। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की झलक इस बजट में दिखनी चाहिए, जो इस बार जून में पेश होगा। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में पांच प्रेजेंटेशन सचिवों ने दिया।

### पीएम मोदी ने बीजेपी को दो हजार का चंदा दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी को डोनेशन दिया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 'डोनेशन फॉर नेशन बिल्डिंग' मुहिम के तहत पीएम मोदी ने बीजेपी फॉर इंडिया को ये दान दिया है। यही नहीं प्रधानमंत्री ने पार्टी फंड के नाम पर दी गई डोनेशन की पर्ची भी एक्स पर शेयर किया है। पीएम मोदी ने बीजेपी फॉर इंडिया के नाम पर दो हजार रुपये का चंदा दिया और इसकी पर्ची भी माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर डोनेशन स्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा, 'मुझे बीजेपी में योगदान देने और विकसित भारत के निर्माण के प्रयासों को मजबूत करने में खुशी हो रही है। मैं सभी से NAMoApp के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए डोनेशन का हिस्सा बनने का भी आग्रह करता हूं।




## 19 से 28 फरवरी के मध्य छह जनपदों में हुआ नुकसान का आकलन, 150 से अधिक गांव प्रभावित

# उप्र के किसानों के लिए संकट मोचक बनी योगी सरकार

- निरंतर हो रही बारिश से गेहूं, सरसो, मटर, चना आदि फसलों के नुकसान का सर्वे करा रही सरकार
- खराब मौसम के कारण बांदा के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 प्रतिशत से अधिक फसलों की क्षति

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। 19 से 28 फरवरी तक के बीच छह जनपदों के लगभग 150 से अधिक गांवों में 33 फीसदी से अधिक फसलों की क्षति का आकलन किया गया है। इसमें बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में काफी अधिक क्षति की जानकारी प्राप्त हुई है। इस अवधि (19 से 28 फरवरी) की बारिश के बाद भी होने वाले नुकसान का योगी सरकार आकलन करा रही है। योगी सरकार ने रिपोर्ट के बाद किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।

निरंतर हो रही बारिश व ओलावृष्टि से निरंतर किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है। इस नुकसान के लगातार बढ़ने की भी संभावना बनी हुई है। योगी सरकार इस परिस्थिति में अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। 19 से 28 फरवरी तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक बांदा जनपद के पैलानी तहसील के 13 गांवों में 45 फीसदी से अधिक व बबेरू तहसील के तीन गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक की क्षति का आकलन हुआ है। राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक फतेहपुर के बिंदकी तहसील के लगभग 10 गांवों में 33 फीसदी से अधिक गेहूं व सरसो की क्षति हुई है। हमीरपुर तहसील के 51 गांवों में गेहूं, सरसो, चना, मटर आदि की फसलों के नुकसान का आकलन किया गया है। वहीं जालौन में भी इन फसलों से जालौन, उरई व कालपी के गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान दशार्या गया है। कानपुर देहात के रसूलाबाद के लगभग 23 और कानपुर नगर के बिल्हौर तहसील के 27 गांवों में 33 फीसदी से अधिक नुकसान का आकलन किया गया है।

### प्रदेश में सूखे से निपटने के लिए आज विशेषज्ञ करेंगे मंथन

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि एवं धनहानि को कम करने के लिए प्रयासरत है। इसको लेकर योगी सरकार लगातार निर्णय भी ले रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप सोमवार 4 मार्च को आईजीपी (इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान) में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग से सूखे की निगरानी, न्यूनीकरण और उच्च प्रबंधन के लिए 'टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट' पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राहत विभाग द्वारा आईआईटी कानुपर के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के रूप में प्रदेश और देश के प्रमुख तकनीकी संस्थान, शोध संस्थान, तकनीकी विश्विविद्यालय के साथ-साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में आईआईएम लखनऊ के एक्सपर्ट द्वारा प्रदेश के एडीएम एफआर को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया था। साथ ही आपदाओं से निपटने, सतर्क रहने और तैयारी करने के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग और जनहानि को कम करने के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट में विशेषज्ञ संस्थानों के साथ एमओयू किया गया है।

## पटना में आयोजित रैली में पीएम पर बोला हमला

# आपके पास परिवार नहीं आप हिंदू भी नहीं हैं: लालू

♦ लालू ने पूछा- माताजी के देहावसान पर हर हिन्दू शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है, आपने क्यों नहीं कराया

**केटी न्यूज/पटना**



रविवार को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए लालू ने कहा कि पीएम मोदी तो हिंदू ही नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह-यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार में आए थे तो उन्होंने बिना नाम लिए परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर हमला बोला था।

लालू प्रसाद ने कहा कि मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज हर पिछड़ा वर्ग, दलित, वंचित और गरीब सत्ता के दरवाजे पर खड़ा है। यह नरेंद्र मोदी क्या चीज है? यह मोदी आजकल परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं। आप बताओ न, आपको क्यों नहीं संतान हुआ? ज्यादा संतान होने वाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है। परिवार के लिए लड़ रहा है। आपके पास परिवार नहीं है और आप हिन्दू भी नहीं हैं। जब आपकी माताजी का देहावसान हो गया तो हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है। आपने क्यों नहीं छिलवाया? यह बताओ।

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पीएम पर हमला कायम रखा। बोले- देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान ही अब तक थे? उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा- जनकपुर में श्रीराम चंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिए। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर नेताओं का सभाएं हुईं। यहीं से देश भर संदेश गया। बिहार के हवा में इतना दम हैं कि जो देश के लोग इसका अनुकरण करते हैं। उन्होंने भाजपा और एनडीए को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने की समर्थकों से अपील की।

इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के लोगों ने पिछले चुनाव राज्य की 40 में 39 सीटें एनडीए के खाते में दी। राज्य के लोग अपने उन 39 सांसदों से पूछें कि आपने बिहार के लिए क्या किया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को क्या दिया? उन्होंने आगामी चुनाव में बिहार में एनडीए को हराने और राजद सहित इंडिया के घटक दलों को बड़ी जीत दिलाने की लोगों से अपील की।

# बेगूसराय में व्यवसायी के स्टाफ से 40 लाख के सोना चांदी की लूट

## बेखौफ अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/पटना**

बेगूसराय में बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। जहां देर शाम सोने और चांदी की दुकान बंद कर घर जा रहे व्यवसायी के स्टाफ से हथियार के बल पर अपराधियों ने करीब 40 लाख रुपए कीमत की सोना एवं चांदी की लूट की वारदात को अंजाम दिया। जब स्टाफ के द्वारा इसका विरोध किया गया तो अपराधियों ने उसे पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं लूट का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना जिले के बलिया थाना क्षेत्र के छोटी बलिया बड़ी दुर्गा स्थान के पास की है। घायल स्टाफ ने बताया है कि दुकान बंद कर सोना और चांदी लेकर घर जा रहे थे। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधियों ने रास्ते में घेर लिया और हथियार दिखाकर लूटने लगे। मेरे द्वारा जब लूट का विरोध किया गय तो इससे नाराज अपराधियों ने हथियार से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और सोना और चांदी लूटकर फरार हो गए। फिलहाल घायल अवस्था में स्टाफ को इलाज के लिए बलिया पीएचसी में भर्ती कराया।



पीएनपी ज्वेलरी शॉप बलिया बाजार के पुरानी दुर्गा स्थान के पास है जिसके मालिक संतोष पोद्दार हैं। जिस स्टाफ के साथ लूट की वारदात हुई उसकी पहचान छोटी बलिया बाजार निवासी अशोक शाह के पुत्र रविन्द्र कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल स्टाफ रविन्द्र ने बताया कि वो दुकान बंद कर मालिक के घर जेवर रखने जा रहा था। उसके पास तकरीबन 6 किलो चांदी और 450 ग्राम सोना था। तभी अपराधियों ने रास्ते में घेर कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है. लूट की इस बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गये। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। जिसके आधार पर पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। इस घटना से इलाके में सरार्फा कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया।

# भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से किया इनकार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुरी स्टार पवन सिंह आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। शनिवार को बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। पवन सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किसी कारणवश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस पार्टी के महासचिव और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने पवन सिंह के चुनाव लड़ने से इनकार करपवन सिंह ने लिखा था कि आसनसोल से



मुझे लोकसभा उम्मीदवार बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय महानुभावों का वंदन चंदन और अभिनंदन करते हैं। हालांकि अब उन्होंने आसनसोल से चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया है। बता दें कि बीजेपी ने शनिवार को ही 195 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें पवन सिंह का नाम भी शामिल था। पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाया था, जहां से टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं। बीजेपी के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने से पहले ही पवन सिंह के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें चल रही थी। उन्हें बिहार की आरा सीट से भी उम्मीदवार बनाए जाने की खबरें थीं। लेकिन बीजेपी ने बिहार की बजाय पश्चिम बंगाल से उन्हें मैदान में उतारा था। बता दें कि जब बीजेपी ने शनिवार को आसनसोल सीट के लिए पवन सिंह के नाम का ऐलान किया था, तब उन्होंने तुरंत पोस्ट करते हुए बीजेपी आलाकमान का धन्यवाद दिया था। उन्होंने लिखा था कि आसनसोल से मुझे लोकसभा उम्मीदवार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं।




## सीएम नीतीश आज पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग से 100 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पटना में बिहार क्लाइमेट एक्शन कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे, जहां वे क्लाइमेट रिसाइलेंट एंड लो कार्बन डेवलपमेंट पाथवे फॉर बिहार को प्रस्तुत करेंगे। यह देश के किसी भी राज्य द्वारा विकसित की गई पहली ऐसी दीर्घकालिक रणनीति होगी। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग से 100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे, जिसमें पटना में भारत और एशिया का पहला डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र भी शामिल है। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य के सभी 543 ब्लॉक कार्यालयों में स्थापित वायु गुणवत्ता निगरानी सेंसर के लिए एक एकीकृत डैशबोर्ड का भी अनावरण करेंगे। इस अवसर पर पूर्णिया और भागलपुर में बीएसपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन भी होगा। डब्ल्यूआरआई इंडिया, यूएनईपी और शक्ति सस्टेनेबल ऊर्जा फाउंडेशन के सहयोग से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित सम्मेलन में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार भी उपस्थित रहेंगे।

इस विशेष अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव, सुजीत कुमार बाजपेयी और असम के मुख्य सचिव रविशंकर प्रसाद सहित केंद्र और राज्य सरकारों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। कॉन्क्लेव में बिहार सरकार के शीर्ष अधिकारियों में निवर्तमान मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव (राजस्व और भूमि सुधार विभाग) ब्रजेश मेहरोत्रा ही वक्ताओं की सूची में शामिल हैं, जिन्हें राज्य सरकार ने नए मुख्य सचिव के रूप में तैनात किया है। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने वाले हैं, जिनमें विवेक कुमार सिंह, प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन); संदीप पौंड्रिक, अपर मुख्य सचिव (उद्योग); अरविंद कुमार चौधरी, प्रधान सचिव (वित्त); संजीव हंस, प्रधान सचिव (ऊर्जा); संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव (शहरी विकास एवं आवास); शामिल हैं।

# बेतिया में तेज रफ्तार ट्रक ने एक ही परिवार के सात लोगों को कुचला, तीन की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की बेतिया में अनियंत्रित ट्रक ने दरवाजे पर बैठे लोगों को रौंद दिया है। इस घटना में कई लोग घायल हो गए हैं। वहीं इस हादसे में सास-बहू की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार घटना में 5 लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। घटना कैथवलिया-लौरिया रोड में उत्तरवाहिनी पुल के भटहा के पास की है। जानकारी के अनुसरा जो परिवार सड़क हादसे के शिकार हुए हैं उनके घर में शादी का माहौल था जो कि मातम में बदल गया। वहीं घायलों को इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

मृतकों की पहचान विजय मुखिया की 35 वर्षीय पत्नी सुगंधी देवी और बाबूलाल मुखिया की 60 वर्षीय पत्नी सोमारी देवी के रूप में हुई है। सुगंधी देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना में घायल हुई सोमारी देवी ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। वहीं दुर्घटना में घायल होने वालों में 50 वर्षीय रुसुन्ति देवी, छह वर्षीय सोनम कुमारी, 10 वर्षीय सुधा कुमारी शामिल हैं। सभी सेनुआरिया और चनपटिया के रहने वाले हैं। भागने के दौरान ट्रक की एक बाइक से टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक मुरारी कुमार शर्मा (32 वर्ष) और कुंदन कुमार (20 वर्ष) भी जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज



सीएचसी चनपटिया और जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि जिस घर में यह हादसा हुआ है उनके यहां 10 मार्च को शादी होने वाली है। शादी वाला घर मातम में बदल गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों ने हाइवा ट्रक और उसके चालक को पकड़ लिया। वहीं आरोपी की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की और बाद में चालक को पुलिस को सौंप दिया।

इसके बाद सड़क जाम कर लोगों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर सिरसिया ओपी और चनपटिया थाने की पुलिस के साथ अंचल अधिकारी भी पहुंचे। मामले को शांत कराया। घटना से उग्र ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक सड़क को जाम रखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया। हाइवा ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुंगेर में बर्थडे पार्टी के बहाने युवक की हत्या

**मुंगेर।** मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के रतैठा गांव के युवक को बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर हत्या कर दी गयी। मृतक की मां ने बताया उनके पुत्र गिरीश चौधरी को दस बजे रात्रि में हवेली खड़गपुर के रतैठा निवासी उसके दोस्त कपिल चौधरी, डिम्पल साह ने बर्थडे पार्टी के बहाने ले गया। रात में ही उसका दोस्त बाइक हेलमेट और चाभी दे गया। सुबह में गिरीश की लाश मिली।









# आंधी व बारिश से फसलों को पहुंचा नुकसान, किसान परेशान

- शनिवार की रात 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थी हवा, किसानों की बढ़ी चिंता
- रबी फसलों की बुआई के साथ ही मौसम की मार से परेशान हो रहे किसान
- आंधी पानी से गेहूं के साथ ही मसूर, चना के साथ गेहूं की फसल भी प्रभावित

**केटी न्यूज/ बक्सर**

मौसम ने एक बार फिर से यू टर्न लिया है। शनिवार की रात जिले भर में तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई है। जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है, बारिश से एक बार फिर से सर्दी बढ़ गई है। रबी फसलों की बुआई के साथ ही मौसम की मार से परेशान हो रहे किसानों की चिंता इस बारिश ने बढ़ा दी है। जानकारों की मानें तो तेज हवा के साथ हुई बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। वही मौसम के जानकारों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से एक बार फिर से मौसम बदल हुआ है। बारिश के साथ तेज हवा के कारण गेहूं की फसल भी गिर गई है। जिससे उसके उत्पादन में काफी प्रभाव पडेगा। मौसम की पूवार्नुमान के अनुसार जिले में 4 मार्च तक हवा के साथ तेज बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जताया गया है। आंधी पानी से गेहूं के साथ ही मसूर, चना के साथ गेहूं की फसल भी प्रभावित हुआ है।



**4 मार्च तक बारिश की मौसम विभाग ने जारी किया है एलर्टः** मौसम विज्ञान केंद्र पटना से प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार 2 से 4 मार्च के बीच बारिश कि संभावना जताया है। 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाओं के भी चलने की संभावना है। मेघगर्जन, वज्रपात एवं ओलावृष्टि की स्थिति में जान-माल और पशुधन को नुकसान हो सकता है। वज्रपात, ओलावृष्टि एवं तेज हवाओं के कारण परिपक्वता पर पहुंच चुकी फसलों, फलों और सब्जियों को नुकसान हो सकता है।

**कहते है कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमुखः** वरीय वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. देवकरन ने मौसम को देखते हुए किसानों को सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि कच्चे घरों और पशु-घर का भी नुकसान हो सकता है। लतेदार सब्जियों जैसे कद्दू, करैला, खीरा इत्यादि को नुकसान पहुंचेगा। वही सरसो के फूल, आम के मंजर तथा जिन गेहूं में बालिया निकल आई है, उनके लिए भी यह बारिश नुकसानदेह है। उन्होंने कहा कि कद्दू और करेला जैसी सब्जियों की नर्सरी के बचाव के लिए उसे प्लास्टिक अथवा शेडनेट से ढक दें। मत्स्य पालक तालाब में पानी के स्तर को 6-8 फीट तक बनाए रखें। वानिकी एवं फल वर्गीय छोटे पौधों को झाड़ियों को प्लास्टिक से ढक दें। कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करें। ओलावृष्टि के बाद मौसम साफ हो जाने पर क्षतिग्रस्त फसलों पर 2 प्रतिशत यूरिया का छिड़काव करें। पशुगृह के दरवाजे पर जूट या तिरपाल का पर्दा बांधे। स्मार्ट फोन उपयोगकर्ता वज्रपात की अधिक सटीक जानकारी हेतु मोबाइल अप्लीकेसन दामिनी का उपयोग करें और समयानुसार ही अपने दैनिक खेती के कार्य करें। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रकृति की मार से बचने के लिए किसानों को जो भी संसाधन उनके पास उपलब्ध है। उसके अनुसार कार्य करना होगा। तभी किसान अपनी फसलों को बचा सकते है।

## एक नजर

### पिस्टल चमकाना पड़ा महंगा, दो युवक गिरफ्तार

**इटाढ़ी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरस्ती गांव में शनिवार की रात आई एक बारात में दो युवकों का पिस्टल चमकाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवकों के पास से मैगजिन लोडेड एक पिस्टल, एक अपाचे बाइक तथा दो मोबाईल फोन भी बरामद हुए है। आवश्यक पूछताछ के पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों में सरस्ती गांव के द्वारका सिंह के पुत्र विमलेश कुमार व लालबहादूर सिंह के पुत्र पप्पू कुमार शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात सरस्ती के रामप्रवेश कुशवाहा की बेटी की बारात आई थी। इस बारात में गांव के दोनों युवक भी शामिल हुए थे तथा लोगों के बीच अपनी हनक दिखाने के लिए पिस्टल चमकाने लगे। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ शुरू की तो दोनों एक दूसरे का पिस्टल बताने लगे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। सदर डीएसपी धीरज कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

### अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**नावानगर।** सिकरौल थाना के एक गांव के किशोरी का अपहरण शादी की नियत से करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक को अपहरण करने का आरोप लगाती हुई सिकरौल थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस ने अपहरणकर्ता के परिजनों पर दबिश बनाते हुए किशोरी को बरामद कर लिया है। साथ ही अपहरणकर्ता को भी पुलिस ने सिकरौल लख से गिरफ्तार कर लिया। जिसे रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद ने बताया कि अपहृत किशोरी को रविवार की सुबह सिकरौल लख से बरामद कर लिया गया है। जिसे फर्द बयान के लिए कोर्ट भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी की नियत से अपहरण करने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### सांसद का बयान गलत हो रहा परिभाषित : सौरभ

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि विश्वामित्र महोत्सव में स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के कथन को गलत परिभाषित कर भाजपा के खिलाफ विरोधी लोग माहौल बना रहे हैं। सांसद ने अपने संबोधन में बक्सर को आध्यात्मिक एवं महर्षि विश्वामित्र के विषय में चर्चा के दौरान कहा था कि श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर के द्वारा बक्सर के आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए ही सनातन संस्कृति समागम का आयोजन किया गया था। जिसका धर्म विरोधी लोगो द्वारा विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के महत्व के लिए किए गए आयोजन का विरोध करना यह कहां तक उचित है। सौरभ की मानें तो केन्द्रीय मंत्री ने बक्सर की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए अपने संकल्प को व्यक्त किया। जबकि एक प्रेस बयान के अधूरे क्लिप को दिखा कर कुछ लोगो के द्वारा आम जन को दिग्भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता जिसने पंच निष्ठा की शपथ ली है वह पार्टी एवं प्रतिनिधि का कभी विरोध नहीं कर सकते। ऐसे लोग जो पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल है। पार्टी में रहकर पार्टी व विचार के खिलाफ कार्य कर रहे है। समर्पित कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में पार्टी के झंडा को ऊंचा उठाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने सांसद को जीताकर भेजने का काम करेंगे।

### बेटी की सगाई में आ रहा पिता ट्रेन से गिरा, रेफर



**डुमरांव।** दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित हथेलीपुर मठिया गांव के समीप एक अधेड़ ट्रेन से गिरने के दौरान गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसकी पहचान पटना जिला के धनरुआ थाना स्थित हरला गांव का रहने वाला 50 वर्षीय रामलड्डू दास के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस के साथ यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह मौके पर पहुंचे और जख्मी हालत में उसे अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ अपनी बेटी की सफाई में शामिल होने के लिए जामनगर से पटना आ रहा था। इसी दौरान पोल संख्या 643/46 डाउन मेन लाइन से गुजर रही नॉन स्टॉप ट्रेन से गिर पड़ा। जीआरपी के तारकेश्वर पंडित और आरपीएफ के डीके सिंह ने बताया कि जख्मी के परिजनों को इसकी सूचना दी गयी हैं। परिजनों के अनुसार अधेड़ के बेटी की सगाई आगामी 17 मार्च को होने की बात बतायी गयी हैं। जख्मी के पास से मिले टिकट से यह जानकारी मिली है कि वह जामनगर से अपने घर जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था।

## खबरें फटाफट

### डायवर्सन के खाई में पलटी बाइक, दो जख्मी

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप पुलिया निर्माण के लिए बनी खाई में बाइक के गिरने से दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। घटना शनिवार की रात्रि पहर की बतायी जाती है। पुलिस के अनुसार राहगिरों ने इसकी सूचना डायल 112 माध्यम से दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों जख्मियों को तत्काल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। साथ ही इसकी सूचना पीड़ितों के परिजनों को भी दी। परिजन भी सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों घायल चिंताजनक है। हालांकि प्रारंभिक इलाज कर दिया गया है। जख्मियों की पहचान नावानगर थाना क्षेत्र के कुलमनपुर गांव निवासी वकील राम के पुत्र रंजीत कुमार और सहेंद्र पासवान के पुत्र धनराज कुमार के रूप में हुई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों जख्मियों के परिजनों को जानकारी दे दी गयी हैं।

## डुमरांव थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज के समीप हुई थी घटना

# खुलासा... प्रेमिका ने ही ब्लेड से काटा था युवक का प्राइवेट पार्ट

- पुलिस की तत्परता, गुप्तांग काटने के आरोपितों को चंद घंटे में किया गिरफ्तार
- खतरे से बाहर है जख्मी युवक, निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को अपनी प्रेमिका के बुलाने पर उसके घर गए प्रताप सागर के एक युवक का उसकी प्रेमिका और भाइयों ने मिलकर गुप्तांग काट लिया था तथा लोहे के रॉड से पिटाई की थी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटे में ही आरोपित किए गए उसकी प्रेमिका तथा भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी आफाक अख्तर अंसारी व डुमरांव थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जख्मी युवक का बयान दर्ज करने बक्सर भेजा गया। वहां से मिली जानकारी के आधार पर तत्काल चतुरसालगंज में छापेमारी कर मुख्यआरोपित उसकी प्रेमिका पिंकी कुमारी तथा दो भाइयों ओमप्रकाश उर्फ बंगाली तथा जितेंद्र कुमार तीनों पिता तारकेश्वर प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने पुलिस के सामने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद रविवार को तीनों को जेल भेज दिया गया है।



**जख्मी की हालत खतरे से बाहरः** वहीं दूसरी तरफ निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी अनिल कुमार की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। डॉक्टर द्वारा उसके कटे गुप्तांग का ऑपरेशन कर दिया गया है। हालांकि डॉक्टर ने उसकी गंभीर रावत को देखते हुए अभी उसे आईसीयू में ही रखा है। अनिल के चाचा गुड्डू गोंड ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उसे होश आया है तथा उसने आपबीती बताई है।

**प्रेमिका ने ही ब्लेड से काटा था प्राइवेट पार्टः** गुड्डू की मानें तो होश में आने के बाद अनिल ने बताया कि वह पिंकी के बुलाने पर उसके घर मिठाई और नारियल पानी लेकर गया था। पिंकी ने फोन पर कहा था कि घर पर कोई नहीं है, तुम मिलने चले आओ। लेकिन वहां जाने पर उसके अलावे उसके तीन भाई और घर में मौजूद थे। तीनों ने मिलकर मुझे पीटा था। इसके बाद तीनों ने मिलकर मुझे जकड़ लिया और पिंकी ने ब्लेड से मेरा प्राइवेट पार्ट काट दिया। खून बहता देख वे लोग मुझे छोड़ दिए। तब मैं जैसे तैसे भागते हुए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा।

**कोर्ट मैरिज का दबाव बना रहे थे लड़की वालेः** मिली जानकारी के अनुसार प्रताप सागर के भरत गोंड के पुत्र अनिल का चतुरसालगंज के तारकेश्वर प्रसाद की पुत्री पिंकी से दो-तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों को इस संबंध की जानकारी थी तथा दोनों परिवार आपस में रिश्तेदार भी है। अनिल अग्निशमन विभाग में नौकरी करता था। हाल ही में उसकी नौकरी इनकम टैक्स विभाग में लगी थी। अभी उसका जॉइनिंग लेटर नहीं आया था। इसी बीच पिंकी उससे कोर्ट मैरिज करने का दबाव बना रही थी जबकि अनिल का कहना था कि उसके घर के लोग तैयार हैं तुम अपने घर वालों को भी ऑरेंज मैरिज के लिए तैयार कराओ। आशंका जताई जा रही है कि पिंकी तथा उसके परिजनों को इस बात का डर था कि अच्छी नौकरी होने के बाद अनिल ऑरेंज मैरिज कर उसे बाद में छोड़ सकता है। यही कारण है कि वह बार-बार उससे कोर्ट मैरिज करने का दबाव बना रही थी। लेकिन, जब अनिल कोर्ट मैरिज के लिए राजी नहीं हुआ तब पिंकी ने अपने भाइयों के साथ मिल उसे सबक सिखाने की साजिश रची थी।

**कहते है डीएसपी**

घटना की जानकारी मिलते ही इस मामले में तो त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जख्मी युवक तथा आरोपित लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच किसी बात को ले विवाद हुआ जिसके बाद उसने अपने भाइयों के साथ मिल इस घटना को अंजाम दिया है। **आफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

# खराब हो गया है डुमरांव थाना के पास का हाईमास्ट लाइट, बेखबर है नप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय नया थाना के पास नगर परिषद द्वारा लगवाया गया हाई मास्ट लाईट एक महीने से खराब हो गया है। जिस कारण शाम ढलते ही इलाके में अंधेरा पसर जाता है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। वही थाना के सामने अंधेरा होने से पुलिसकर्मियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि एक महीना पहले ही हाई मास्ट लाईट खराब हो गया था। इसकी सूचना नगर परिषद प्रशासन को दी गई है। बावजूद अभी तक मरम्मत नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि थाना के पास वाले हाई मास्ट लाईट के अलावे शहर के कई अन्य हिस्सों में लगा हाई मास्ट लाईट भी खराब है। जिससे शहर को रौशन करने का नगर परिषद का दावा खोखला साबित हो रहा है। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र शहर में खराब हुए हाई मास्ट लाईटों की मरम्मत नहीं करवाई गई तो जल्दी ही इसकी शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की जाएगी।



# 10 मार्च को बक्सर के एमपी हाई स्कूल मैदान में एकता का परिचय देंगे जिलेभर के कलमकार

- पत्रकार महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने को लेकर तैयारी समिति की हुई बैठक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला इकाई द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम पत्रकार महासम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर तैयारी समिति की बैठक रविवार को जिला अतिथि गृह के सभाकक्ष में हुई। जिसमें श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आगामी 10 मार्च को शहर के एमपी हाई स्कूल परिसर में सुबह 11 बजे जिलेभर के कलमकारों का आगमन होगा। वहीं इस महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति के सदस्यों द्वारा दिये गए कई सुझावों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि इस सम्मेलन को कराने का मकसद है कि पत्रकारों की एकजुटता समाज के सामने आये। उन्होंने बताया कि तैयारी समिति के बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के 6 दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महा सम्मेलन को ले पत्रकारों में उत्साह व्याप्त है। बैठक में जयमंगल पान्डेय, कुंदन ओझा, अशोक कुमार सिंह, आलोक कुमार, अजय राय, राजकुमार ठाकुर, चंद्रकांत निराला, गुलशन सिंह, बासुकी पांडेय, मनीष कुमार मिश्रा, रेहान सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।



## जिस थाने में दिखेगी गंदगी, वहां के थाना मैनेजर पर होगी कार्रवाई

# स्वच्छता अभियान से जुड़ेगा थाना, पुलिस मुख्यालय करेगा निगरानी

- थाना मैंनेजरों की होगी परिसर को स्वच्छ व सुंदर रखने की जिम्मेवारी, पुरस्कृत होंगे बेहतर प्रयास करने वाले थाना मैंनेजर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के सभी थाना परिसर साफ-सुथरा दिखेंगे। इसकी जवाबदेही थाने में पदस्थापित थाना मैंनेजरों की होगी। जो थाना सबसे अधिक स्वच्छ और सुंदर दिखेगा उस थाना के मैंनेजरों को पुरस्कृत किया जायेगा। पुलिस मुख्यालय ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छता अभियान को सभी थाना परिसर में लागू किया है। स्वच्छता को लेकर वरीय अधिकारी हर दिन इसका रिपोर्ट लेंगे। इसके लिए अलग से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने की कवायद शुरू हो गयी है। सभी थाना के मैनेजर अपने-अपने थानों की स्वच्छता को लेकर हर दिन व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो व वीडियो भेजेंगे। जिस थाने में गंदगी देखी गयी तो वहां के थाना मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। पुलिस मुख्यालय ने भेजे गये अपने दिशा-निर्देश में कहा है कि स्वच्छता अभियान में सभी थानों की निगरानी होगी। साफ-सफाई समेत प्रमुख बातों का विशेष रूप से बिंदुवार उल्लेख




किया गया है। बताया जाता है कि कई ऐसे भी थाना परिसर है, जहां गंदगी और टूटे-फूटे शौचालय है। इस अभियान में कंप्यूटर, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तरह की सफाई शामिल है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि सभी थाना मैनेजरों को इस अभियान से जोड़कर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा। बनाये गये ग्रुप में ही अपने-अपने थाना परिसर का फोटो और वीडियो भेजने को कहा गया है, जिसमें थाना का मुख्य गेट, कंप्यूटर, थानाध्यक्ष का कक्ष, दीवार आदि शामिल है। व्हाट्सएप ग्रुप पर संतोषजनक फोटो नही भेजने पर कार्रवाई भी हो सकती है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि थाना कार्यालय और परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया है। पदस्थापित थाना मैनेजर को अन्य कार्यों के अलावे स्वच्छता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी विशेष रूप से दी गयी है। यह प्रयास है कि थाना परिसर को साफ व सुंदर बनाया जाए।

### आयुष्मान भारत के तहत शिविर में लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड

**केसठ।** प्रखंड के शिवपुर गांव स्थित जन वितरण प्रणाली केंद्र पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत राशन कार्ड धारियों के लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व जन वितरण प्रणाली के डीलर लाल मोहर प्रसाद ने किया। वही सीएससी संचालक कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि शिविर में एक सौ से अधिक राशन कार्डधारी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारियों को पांच लाख रुपए तक निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। ताकि बीमारियों का इलाज हो।



# सड़क हादसे में बख्शू शहीद बाबा मजार की देखरेख करने वाले मजावीर की मौत

- मजार जाते वक्त सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंदा
- इलाज के दौरान अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**





टाउन थाना क्षेत्र के बांस टाल मोड़ के समीप रविवार सुबह सड़क हादसे में बख्शू शहीद बाबा मजार की देखरेख करने वाले मजावीर की मौत हो गई। मजार जाते समय सड़क पर करने के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी ने मजावीर की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के खेताड़ी मोहल्ला निवासी 62 वर्षीय मो. अजीज थे और कुछ साल से बरहबतरा वार्ड नंबर 3 में अपना मकान बनाकर रहते आ रहे थे पुत्र पप्पू ने बताया कि उसके पिता सब्जी गोला स्थित बख्शू शहीद बाबा मजार की मजावीर का काम करते थे। रोज की तरह रविवार की सुबह वह मजार पर जाने के लिए घर से निकले थे। वह उनको पहुंचाने जा रहा था। उस क्रम में दोनों ऑटो से बरहबतरा गांव से बांस टाल मोड पर पहुंचे। वहां ऑटो से उतरने के बाद वह चालक को पैसा देने लगा और उसके पिता सड़क पार करने लगे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि मृत मजावीर के परिवार में पत्नी सैरुन निशा, पुत्र पप्पू, बबलू, सब्बू और पुत्री रेशमा खातून है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### बेमौसम बारिश से फसल की नुकसान किसान मायूस

**औरंगाबाद।** जिले के कई प्रखंड क्षेत्रों में रविवार को हुए छिटपुट हल्की वारिश से किसान के खेत में लगे रब्बी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है । जिससे खेती पर निर्भर रहने वाले किसान मायूस है। गोह प्रखंड के बाजार बर्मा गांव निवासी किसान रामध्यान सिंह तथा पिपराही गांव निवासी रामाशीष सिंह एवं हसपुरा प्रखंड के सोनहथु गांव निवासी किसान कृष्णा यादव देवकुंड क्षेत्र से किसान राजबली गुप्ता ने बताया कि शनिवार के मध्य रात्रि से क्षेत्र में हल्की वारिश के शील शीला तथा लगातार रविवार को भी बूंदा बूंदी वारिश दिन भर जारी रहा , जिससे किसान के खेतो में लगे आलू, सरसो, मटर, मसूर तथा अन्य दलहन और तेलहन फसल का भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों के द्वारा लगाए गए पूंजी और काफी दिनों के मेहनत बेमौसम वारिश के वजह से बरबाद हो रहा है । जिसका खामियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा है। अब इससे ज्यादा वारिश होने पर किसान के खेत में लगे फसल सब बरबाद हो जायेगा और अनाज से होने वाले लाभ के बदले आर्थिक क्षति का दंश झेलना पड़ेगा।

### सांसद ने पीएम मोदी के प्रति जताया आभार, जनसभा को बताया ऐतिहासिक




**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति सांसद सुशील कुमार सिंह ने आभार जताया है। दरअसल बीते शनिवार को औरंगाबाद में पीएम मोदी का कार्यक्रम शांति पूर्ण संपन्न हुआ। मामले में सांसद ने आम जनता एवं कार्यकताओं को धन्यवाद अर्पित किया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पीएम मोदी का औरंगाबाद में ऐतिहासिक जनसभा शांति पूर्ण सफल हुआ। उन्होंने कहा कि मगध और शाहाबाद के लोगों का आभारी हूं जिन्होंने पीएम मोदी के महा रैली को न केवल सफल बनाया बल्कि अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक व अविस्मरणीय बनाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर 26 फरवरी को जानकारी मिली थी जिसमें काफी कम समय मिला था लेकिन सभी लोगों के प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ। इस कार्यक्रम में लाखों लाख की संख्या में लोग पहुंचे थे जिसमें कही से कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई जिसको जो जिम्मेदारी मिली उसे लोगों ने बखूबी निभाया। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में कोई परेशानी आई और न पानी यथा सभा स्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि आमतौर पर राजनीतिक सभाओं में देखा जाता है कि कार्यकर्ता या आम जनता सभा स्थल में हल्ला हंगामा या खंभों पार चढ़ जाते हैं, और नारेबाजी कर कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करते हैं, लेकिन पीएम मोदी के कार्यक्रम में कही से कोई समस्या उत्पन्न नहीं है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकताओं एवं नेताओं ने अपने-अपने स्तर से जी तोड़ मेहनत किया और सार्थक प्रयास किया। कोई भी कार्यक्रम ऐसे ही सफल नहीं होता बल्कि सभी लोगों के सहयोग और परिश्रम से होता हैं। इस कार्यक्रम में भी ऐसा ही हुआ। यह कार्यक्रम विशुद्ध सरकारी था। लेकिन लोगों के प्रयास से यह आम लोगों की कार्यक्रम में तब्दील हो गया। इस कार्यक्रम के हमलोग कार्यकर्ता थे लेकिन पीएम मोदी नायक थे जिन्हें सुनने के लिए लाखों लोग सभा स्थल पर पहुंचे। आज के समय में कोई किसी को सुनने और देखने बेमन से नही आता है, बल्कि जिस सुविधा से आए, वे स्वेच्छा से आए हैं। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी पर लोगों में अलग उत्साह और उमंग था।

## खबरें फटाफट

### चोरी गई बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** चोरी की एक बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित ईटवा गांव निवासी विकास कुमार हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चौराही स्कूल के पास छापेमारी की गई जिसमें एक चोरी गई बाइक के साथ आरोपित पकड़ा गया। आरोपित से आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में पाया गया कि उक्त बाइक का चेचिस नंबर मिटा दिया गया था। पूछ-ताछ के बाद आरोपित जेल भेज दिया गया।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**औरंगाबाद ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खान कपसिया मोड़ के समीप दो बाइकों की आमने-सामने के जोरदार टक्कर में दो सगे भाई समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में खान गांव निवासी कन्हैया कुमार, धंधवा गांव निवासी मो. नासिर व उसका भाई शामिल है। जानकारी के अनुसार कन्हैया बाइक से सामान की खरीदारी करने औरंगाबाद बाजार जा रहा था, जैसे ही खान कपसिया मोड़ के समीप पहुंचा तभी सामने वाली बाइक से टकरा गया, जिससे तीनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया।

### शराब के साथ धराया धंधेबाज , गया जेल

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर विशेष अभियान के फलस्वरुप शराब के साथ एक धंधेबाज को नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान मंझियावा के अकल राम के रूप में की गई है। इसके पास से 17 .5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है, इसी क्रम में शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस की अलग अलग टीम की ओर से की गयी कुर्की जब्ती

# मुंशी की हत्या में वांछित एएसआई पुत्र सहित 4 आरोपितों के घर की गयी कुर्की की कार्रवाई

- अनाइठ हत्याकांड: आरोपितों के घर पर चला कानून का हथौड़ा
- आरोपितों के घर से फर्नीचर और बर्तन सहित खिड़की एवं दरवाजे भी उखाड़ ले गयी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**





नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में किराना दुकान की मुंशी की हत्या में वांछित एएसआई के पुत्र सहित चारों आरोपितों के घर आखिर कार कानून का हथौड़ा चल गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा रविवार को चारों के घर कुर्क-जब्ती की कार्रवाई की गयी। पुलिस आरोपितों के घर से फर्नीचर और बर्तन सहित अन्य सामान भी जब्त कर ले गयी। खिड़की और दरवाजे भी उखाड़ लिया गया।

इन आरोपितों में अनाइठ मोहल्ला निवासी सीताराम महतो का पुत्र रणधीर महतो, गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाट पोखर भोराही टोला निवासी सोहन कुमार के पुत्र वकील उर्फ अमित और बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव निवासी आर्यन उर्फ भोला महतो शामिल हैं।

इनमें वकील उर्फ अमित के पिता सोहन कुमार एएसआई हैं और चौरी थाने में पोस्टेड हैं। बताते चलें कि 23 फरवरी की रात किराना दुकान के मुंशी मुकेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में उनकी पत्नी सीमा देवी की तहरीर पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। उसमें अनाइठ वार्ड नंबर-44 निवासी रणधीर महतो, गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाट पोखर गांव निवासी वकील उर्फ अमित कुमार और आर्यन कुमार को नामजद किया गया था।

उसके बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। उसके बाद से टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। उसके बाद भी आरोपित पकड़ में नहीं आ रहे हैं। उसे देखते हुए पुलिस कुर्की-जब्ती के लिए कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट का आदेश मिलने के बाद पुलिस टीम रविवार को कुर्की के लिए आरोपितों के घर पहुंच गयी। उसे लेकर एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से अलग अलग टीम गठित की गयी थी।

**मारपीट का कारण पूछने पर 23 फरवरी की शाम अनाइठ मोहल्ले में गोली मार की गयी थी हत्या :**

हत्या को लेकर दर्ज सीमा देवी की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि उनके चचेरे देवर आलोक कुमार के मकान में करिया कुमार नाम का एक युवक किरायेदार के रूप में रहता है। 23 फरवरी की शाम वह दूध लेने जा रहा था। तभी रणधीर महतो द्वारा बेवजह उसकी पिटाई कर दी गई। तब करिया कुमार घर पहुंचा और आलोक कुमार को मारपीट की जानकारी दी। उसके बाद सीमा देवी अपने मुकेश कुमार, चचेरे आलोक कुमार व पंकज किशोर के साथ मारपीट का कारण के बारे में पूछताछ करने रणधीर महतो के घर गये थे। पूछताछ के दौरान ही रणधीर महतो गाली-गलौज करने लगा था।

विरोध करने पर रणधीर महतो के घर मौजूद असलान गांव निवासी पंकज कुमार ने कहा कि पिस्टल लाओ, सबको बताते हैं। तबतक वहां मौजूद हाट पोखर गांव निवासी वकील उर्फ अमित कुमार और आर्यन दौड़ कर रणधीर महतो के घर में गये। दोनों पिस्टल लेकर आये और ललकारने लगे। उस दौरान अमित और पंकज ने उसके पति को पकड़ लिया था। उसके बाद रणधीर महतो द्वारा उसके पति मुकेश कुमार को गोली मार दी गयी थी। गर्दन में गोली लगने से उनकी मौत हो गई। बाद में भीड़ बढ़ते देख आर्यन कुमार और रणधीर महतो फायरिंग करते भाग गये थे।

# 8 और 9 मार्च को होनेवाले उमंगेश्वरी महोत्सव की तैयारियों का डीएम-डीडीसी ने लिया जायजा

**केटी न्यूज/मदनपुर**



मदनपुर दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उमगा स्थित समीक्षा बैठक की। बैठक में महोत्सव के तैयारी की समीक्षा एवं मंदिरों का सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। 8 एवं 9 मार्च को महोत्सव अयोजित होगा। इस दौरान 48 लाख की लागत से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, शौचालय, पेवर ब्लाक लगाने, सिढियो एवं मंदिर के अंदर एवं बाहर लक्खा ग्रेनाइट पत्थर मार्वल लगाया जाएगा। इसके लिए बैठक में प्राकलन तैयार करने का निर्णय लिया गया है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दिया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 10 बजें से शाम पांच बजे तक होगा। ज़िला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों सभी मुखिया, सरपंचों एवं पंचायत समिति सदस्यों को आमंत्रण पत्र दें, ताकि यह कार्यक्रम उन्हें अपनापन की भावना महसूस हो सके। डीडीसी अभ्येन्द्र मोहन सिंह ने कहा कि जिला परिषद् विकास निधि से सार्वजनिक शौचालय कराने लिए प्रस्ताव है। सूर्य मंदिर में लाक्खा ग्रेनाइट एवं चबुतरा तथा सिढियों में काले रंग का ग्रेनाइट लगाने व सांस्कृतिक मंच की मरम्मती कार्य कराने का निर्देश दिया। इस वर्ष महोत्सव में प्रख्यात कलाकारों को भी बुलाया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, एडीशनल कलक्टर ललीत कुमार, वरीय अधिवक्ता प्रेमेन्द्र कुमार मिश्र, सीओ अकबर हुसैन, थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रधान पुजारी बालमुकुंद पाठक, बेरी मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, राकेश सिंह, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, जनेश्वर राम सहित अन्य मौजूद थे।

# ब्रह्मयोनी, दूंगेश्वरी व प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे के निर्माण और अधिष्ठापन कार्य का संयुक्त शुभारंभ

**केटी न्यूज/गया**

बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के मंत्री डॉ० प्रेम कुमार द्वारा गया जिला अवस्थित ब्रह्मयोनी, दूंगेश्वरी तथा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे के निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य का संयुक्त शुभारंभ ब्रह्मयोनी पर्वत पर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री के कहा की भारत सरकार तथा राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना द्वारा ब्रह्मयोनी एवं दूंगेश्वरी पर्वत पर रोपवे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही बिहार राज्य पूल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आपको बता दें कि ब्रह्मयोनी पर्वत पर रोपवे का कार्य कराया जा रहा है, जो 867.60 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसे बनाने में 15 माह का समय लगेगा। इसकी तकनीकी जानकारी के बारे में बताए तो इसमे 04 केबिन, प्रति केबिन 4 पर्यटक की क्षमता तथा दयाप्रकाश सरस्वती स्कूल से नजदीक से पर्वत चोटी तक 1160 फीट की लंबाई है। इसी प्रकार दूंगेश्वर पर्वत पर रोपवे परियोजना में 1676 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने में 18 माह का समय लगेगा। इसमें दो सेक्शन है, सेक्शन 01 में 6 केबिन, प्रति केबिन 6 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है, जिसकी कुल लंबाई 1050 फिट है तथा सेक्शन 2 में 2 केबिन, प्रति केबिन 6 यात्रियों की बैठने की व्यवस्था तथा रोपवे की लंबाई 700 फिट है। सेक्शन 1 सुजाता अकादमी के नजदीक से प्रागबोधी गुफा तक तथा सेक्शन 02 प्रागबोधी गुफा के नजदीक से पर्वत की चोटी तक है। बिहार राज्य पूल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा प्रेतशिला पर्वत पर रोपवे परियोजना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 1048.67 लाख रुपए की लागत से 15 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

# गोह शहर में जाम की समस्या से नहीं मिल रही है निजात, लोग परेशान



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह शहर में जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। आए दिन लोगों को घंटों जाम में उलझना पड़ रहा है। जाम की समस्या को दूर करने के लिए कोई बेहतर समाधान नहीं किया जा रहा है। कहने के लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम तो लगा है मगर इसकी उपयोगिता साबित नहीं हो पा रही है। सड़क किनारे लग रही दुकानें जाम का मुख्य कारण बन रही है।साथ ही कुछ लोग सड़क किनारे बेतरकिब ढ़ंग से वाहन खड़ी कर बाजार समान खरीदारी करने चले जाते है जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। कभी-कभी तो जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आते है। गोह जगतपति चौराहे से लेकर थाना तक जाम की सबसे ज्यादा समस्या है। यहां हर दिन जाम की नौबत आ जाती है। जाम को खत्म कराने के लिए यहां लगे थाना पुलिसकर्मी के पसीने छूट जाते है। जाम से बचने के लिए लोग दूसरा रास्ता ढ़ंढते है। फुटपाथ पर अतिक्रमण व बड़े वाहनों के चलते यहां भी जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। लंबा जाम देखकर लोग अपना रास्ता बदल लेते है। बाइक सवार लोगों को सड़क छोड़कर कई तंग गलियों का सहारा लेना पड़ता है।






## खबरें फटाफट

### पंकज बने रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**चंदौली।** भाजपा रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ जिला इकाई की बैठक रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें पंकज मिश्रा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। जहां कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक प्रकाश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। पटरी व्यवसायियों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से देश के रेहडी पटरी व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। क्षेत्रीय सह-संयोजक दीपक दीक्षित ने कहा कि रेहड़ी पटरी से जुड़ी समस्याओं के समाधान सरकार की ओर से किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर रेहड़ी पटरी व्यवसायी अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे। जहां भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज मिश्रा को रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। इस दौरान महेश कश्यप,राजेश तिवारी ,धनजी गुप्ता,अरुण सिंह, जैनेंद्र राम,राहुल तिवारी, सुनील अग्रहरि, रियाजुद्दीन, संतोष राजभर, संजय पांडेय ,सरोज सैनी,अच्युतानंद,दीपक गुप्ता जी संतोष राय, अलख तिवारी, प्रदीप गुप्ता ,दिनेश गुप्ता, रामदुलारे गुप्ता उपस्थित रहे।

### मानदेय वृद्धि के लिए गठित हो कमेटी

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की जनपद इकाई की बैठक रविवार को मुख्यालय स्थित कंपोजिट विद्यालय में हुई। मानदेय वृद्धि,कमेटी के निर्णय में देरी तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत यादव अजित ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र अपने विभिन्न समस्याओं में जैसे 12 माह का मानदेय देने,सेवाकाल 62 वर्ष करने,मानदेय में आवश्यक वृद्धि करने,प्रतिवर्ष महंगाई के क्रम में मानदेय बढ़ाने,नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा आदि मांगों को लेकर संघर्षरत हैं।जिसके लिए समय-समय पर पत्रक व आन्दोलनों के माध्यम से अपनी समस्याओं से सरकार को अवगत कराया है। कहा कि विगत अक्टूबर महीनें लखनऊ में प्रदेश के शिक्षामित्रों ने रैली कर सरकार से अपने हक की मांग होगी।

# मोदी के दम पर चुनावी समर में ताल ठोकने उतरेंगे रविंद्र कुशवाहा

**सलेमपुर लोकसभा सीट**

- दो बार सांसद रह चुके रविंद्र कुशवाहा पर भाजपा ने फिर जताया भरोसा

**तिलक कुमार/ बिल्थरारोड**



लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में यूपी के 51 सीटों पर घोषित प्रत्याशियों में सलेमपुर लोकसभा सीट से सांसद रविंद्र कुशवाहा पर भाजपा ने तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर भरोसा जताया है। समर्थकों में खुशी की लहर है। सलेमपुर लोकसभा का इतिहास देखा जाय तो लगातार तीन बार एक प्रत्याशी नही जीता है अगर रविन्द्र कुशवाहा हैट्रिक लगाते हैं तो उनके नाम एक इतिहास होगा।

कुशवाहा वर्ष 2014 व 2019 में भाजपा के टिकट पर इस सीट से सांसद हैं। रविंद्र कुशवाहा 2014 के लोकसभा चुनाव में लगभग सवा दो लाख वोट से जीत दर्ज की थी। 2019 के चुनाव में एक लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। सलेमपुर संसदीय क्षेत्र में देवरिया जनपद की दो विधानसभा क्षेत्र सलेमपुर, भाटपार रानी तथा बलिया जनपद की तीन विधानसभा क्षेत्र बांसडीह, सिकंदरपुर व बेल्थरारोड (सुरक्षित)आती है। रविन्द्र कुशवाहा के पिता स्व.हरिकेवल प्रसाद सलेमपुर लोकसभा के चार बार सांसद और सलेमपुर से दो बार विधायक रहे हैं। वे दो बार जनता दल तथा समता पार्टी और समाजवादी पार्टी से एक -एक बार सांसद चुने गए थे। उनके निधन के बाद सपा ने उनके पुत्र रविंद्र कुशवाहा को टिकट नही दिया । इसके बाद रविंद्र कुशवाहा भाजपा में शामिल हो गए । भाजपा ने 2014 में रविन्द्र कुशवाहा पर भरोसा जताते हुए सांसदी का टिकट दिया था और रविन्द्र कुशवाहा भारी मतों से चुनाव जीतकर सलेमपुर सीट पर पहली बार कमल खिलाया था।

### चार दशकों तक रहा कांग्रेस का कब्जा

सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र के इतिहास में चार दशकों तक कांग्रेस का कब्जा रहा।1957 में अस्तित्व में आए सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में पहली बार कांग्रेस के विश्वनाथ राय यहां से सांसद चुने गए। 1962 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के विश्वनाथ पांडेय सांसद बने। 1967 में भी विश्वनाथ पांडेय ने जीत हासिल की। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के तारकेश्वर पांडेय ने इस सीट पर कांग्रेस का परचम लहराया लेकिन 1977 में जेपी आंदोलन में यह सीट समाजवादियों के पास चली गई और बीकेडी के रामनरेश कुशवाहा को एकतरफा जीत हासिल हुई लेकिन अगले चुनाव में जेपी के लोग बिखर गए और कांग्रेस के रामनगीना मिश्र ने इस सीट पर कांग्रेस का परचम लहराया। 1984 में भी रामनगीना मिश्र ने आसानी से यहां जीत हासिल कर ली। 1989 के वीपी सिंह की जनता लहर में सलेमपुर भी पूरे देश के साथ जनादेश देने में साथ रहा। इस सीट पर जनता दल के हरिकेवल प्रसाद ने जीत हासिल की। हरिकेवल प्रसाद ने कांग्रेस के दो बार के अजेय सांसद रामनगीना मिश्र को पटखनी दी थी।

### इमरजेंसी के बाद से जीत को तरस रही कांग्रेस

इमरजेंसी के बाद कांग्रेस की यह पहली हार थी। इसके बाद कांग्रेस इस सीट पर जीत के लिए तरस गई। 1991 में दुबारा चुनाव हुए। पूरे देश में राममंदिर निर्माण की बयार थी लेकिन जनता दल के हरिकेवल प्रसाद इस बार भी जीतने में सफल रहे। दूसरे नंबर पर रहे भाजपा के रामविलास। 1996 में समाजवादी पार्टी के हरिवंश सहाय ने जीत का परचम लहराया लेकिन 1998 में समता पार्टी के हरिकेवल प्रसाद फिर यहां से सांसद बने।1999 के लोकसभा चुनाव में सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में पहली बार कुशवाहा-ब्राह्मण वर्चस्व टूटा। यहां से राजभर समाज का प्रत्याशी सांसद बना। बसपा ने बब्बन राजभर को मैदान में उतारा था। राजभर ने दलित वोटबैंक को साधा और सांसद बन गए। 2004 में एक बार फिर हरिकेवल प्रसाद सलेमपुर से सांसद बने। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के भोला पांडेय रहे। 2009 में बसपा ने फिर से मास्टर दांव खेला और रमाशंकर विद्यार्थी को मैदान में उतारा। रमाशंकर विद्यार्थी जीत दर्ज कर सांसद बने ।जबकि कांग्रेस के डॉ.भोला पांडेय दूसरे नंबर पर रहे। हरिकेवल प्रसाद तीसरे नंबर पर खिसक गए।

### 2014 के चुनाव में रविशंकर सिंह और पूर्व सांसद हरिवंश सहाय से था सीधा मुकाबला

बीजेपी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद हरिकेवल प्रसाद के सुपुत्र रविंद्र कुशवाहा पर दांव लगाया था। बसपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के भतीजा रविशंकर सिंह पप्पू को प्रत्याशी बनाया तो सपा ने पूर्व सांसद हरिवंश सहाय को मैदान में उतारा। कांग्रेस ने डॉ.भोला पांडेय को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में पहली बार सलेमपुर क्षेत्र की जनता ने चार बार सांसद रहे हरिकेवल प्रसाद के पुत्र पर भरोसा जताया। रविंद्र कुशवाहा भारी मतों से चुनाव जीते। रविंद्र कुशवाहा को 392213 मत मिले तो दूसरे नंबर पर रहे बसपा के रविशंकर पप्पू को 159871 मत तो सपा के हरिवंश सहाय को 159688 वोट मिले। कांग्रेस के डॉ. भोला पांडेय को 41839 वोट मिला। 2019 में भाजपा ने दोबारा रविन्द्र कुशवाहा पर भरोसा जताया। वहीं सपा बसपा गठबंधन ने आर एस कुशवाहा को मैदान में उतारा, कांग्रेस ने राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया। चुनाव में रविंद्र कुशवाहा ने सपा-बसपा गठबंधन को 112477 वोट से हराया।

---

**रसड़ा मऊ मार्ग पर आंजाद चौराहा के पास हुआ हादसा, हादसे में बाइक सवार की पत्नी जख्मी**

# पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत

**केटी न्यूज/ रसड़ा**

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रसड़ा मऊ मार्ग पर आजाद चौराहा के पास शनिवार की रात बड़ा हादसा हुआ। जहां तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से बाइक सवार कुलदीप सिंह 36 वर्ष की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी एकता सिंह गंभीर रूप मे जख्मी हो गई। इधर दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन समेत निकल भागा। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम सा मच गया और ग्रामीणों ने प्यारे लाल चौराहा पर मृतक का शव रखकर चक्का जाम कर दिया। जहां लोग पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। करीब दो घंटे बाद रात में प्रशासन ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम समाप्त करवाने में सफलता प्राप्त की। बताया जा रहा है कि मृतक रसड़ा कस्बा के सुल्तानपुर निवासी था, जिसकी पत्नी एकता सिंह रसड़ा पेट्रोल पंप के पास ब्यूटी पार्लर सीखने जाती थी। जहां से रात घटना के समय कुलदीप सिंह बाइक से अपनी पत्नी को लेकर घर जाने के लिए निकला था लेकिन थोड़ी दूरी पर ही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जख्मी हालत में पति पत्नी को आसपास के लोगों ने रसड़ा अस्पताल पहुंचाया।



## बारात में दो पक्षों में मारपीट, युवक जख्मी

**रसड़ा।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के कोटवारी मार्ग स्थित एक मैरिज हाल में शनिवार की मध्य रात्रि विवाह समारोह में दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट व चाकूबाजी हो गई। जिसमें बाराती पक्ष के संदीप कुमार गुप्ता (25) पुत्र स्व. विजय कुमार गुप्ता निवासी जापलिनगंज थाना कोतवाली गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की नाजुक स्थिति देख डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रसड़ा कोतवाली के बैजलपुर गांव निवासी गिरधारी गुप्ता की लड़की की विवाह बलिया के सहरसपाली के बिहारी प्रसाद के पुत्र से तय थी। शादी के लिए बारात भी आ चुकी थी और शादी की तैयारियां भी चल ही रही थी। जहां देर रात्रि दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना तूल पकड़ा की मारपीट और चाकूबाजी शुरू हो गई। जिसमें बारात में आए संदीप के पेट में चाकू जा लगी। चाकू लगने के बाद संदीप की हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही लड़की का भाई घायल संदीप को रसड़ा अस्पताल ले गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जूट गई है।



## रेलिंग विहीन पुलिया पर पलटी कार, चालक की मौत

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी व बलुआ के बीच स्थित रेलिंग विहीन टेढ़की पुलिया पर शनिवार की देर रात में कार पलटने से 30 वर्षीय हवलदार कुमार की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने जेसीबी से किसी प्रकार से कार को बाहर निकाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सकलडीहा थाना क्षेत्र के बरठी गांव के रहने वाले हवलदार कुमार पुत्र रामबृक्ष राम प्राइवेट में दूसरे का कार चलाता था।एक बारात में दूल्हे को छोड़कर महुअर स्थित अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। कैथी में टेढ़की रेलिंग विहीन पुलिया पर रेलिंग न होने के कारण ड्राइवर गाड़ी लेकर नहर में पलट गया। गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी होने पर बलुआ पुलिस मौके पर पहुंचकर जेसीबी से बड़ी मुश्किल से कार को सीधे करवाकर उसमें से ड्राइवर के शव को बाहर निकला गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैथी में रेलिंग विहीन पुलिया से दर्जनों लोग गिरकर घायल हो चुके हैं । यहां आने जाने वाले लोग झटके में गाड़ी एकाएक आ जाने पर पता ही नही चलता है। कई बार संबंधित धित विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के बाद भी नहीं बनवाया गया है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव किरन पर दुष्कर्म का मुकदमा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

देवकली ब्लॉक के पूर्व प्रमुख राजीव किरन के खिलाफ बड़ागांव थाने में दुष्कर्म और धमकाने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई चेतगंज थाना के नाटीइमली क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन के निर्देश पर की गई है। पीड़िता दोपहर 12 बजे से शाम तक पुलिस आयुक्त कार्यालय पर ही बैठी रही। पीड़िता के अनुसार 16 दिसंबर 2023 को जन्मदिन की एक पार्टी में उनकी मुलाकात हरहुआ स्थित अवध पैराडाइज अपार्टमेंट में रहने वाले राजीव किरन से हुई थी। मुलाकात कराने वालों के माध्यम से ही राजीव ने उनका मोबाइल नंबर ले लिया और मैसेज करना शुरू किया। इसके बाद पीछा करना शुरू किया और उन्हें अपने व्यवसाय में पार्टनर बनाने का ऑफर दिया। 21 दिसंबर 2023 को राजीव किरन ने एक बार फिर उनका पीछा किया और शिवपुर तक आया। शिवपुर में उसने अपना फ्लैट दिखाने और भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा करने की बात कही। फ्लैट में जाने पर राजीव किरन ने उन्हें शराब पीने के लिए मजबूर किया। विरोध करने के बाद भी जबरन शराब पिलाई और फिर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कहा कि होश आने पर उन्होंने राजीव की करतूत का विरोध किया तो उसने परिणाम भुगतने की धमकी दी। वह इतना डर गई थी कि शिकायत दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। किसी तरह से वह हिम्मत जुटाकर वह पुलिस आयुक्त से शिकायत की। इस संबंध में पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ने बताया कि तहरीर के आधार पर बड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज करा कर जांच शुरू करा दी गई है। पीड़िता ने बताया कि वह गत सात फरवरी से एफआईआर दर्ज कराने के लिए कमिश्नरेट के वरिष्ठ पुलिस अफसरों के दफ्तर के चक्कर काट रही थी। मगर, उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। शनिवार को उन्होंने तय किया कि जब तक पुलिस आयुक्त मुकदमा दर्ज करने का आदेश नहीं दे देते, वह उनके कार्यालय के बाहर से नहीं उठेगी। आरोपी राजीव किरन गाजीपुर जिले के देवकली क्षेत्र के डंडापुर गांव का मूल निवासी है। वह देवकली विकास खंड का ब्लॉक प्रमुख रहा है। अगस्त 2012 में राजीव किरन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसे पद से हटा दिया गया था। 2017 में वह गाजीपुर की सैदपुर विधानसभा से बसपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा था और हार गया था।

## बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के आभूषण सहित नगदी पर किया हाथ साफ

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के मनियारपुर गांव में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यहां रामआशीष तिवारी के बंद पड़े घर से 17 हजार नगदी सहित 3.5 लाख के गहनों पर हाथ साफ करने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार देर शाम गांव पहुंचे भुक्तभोगी घर का नजारा देख सत्र रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं वारदात को लेकर गांव में सनसनी फैली हुई है। मनियारपुर गांव निवासी रामआशीष तिवारी का छत्तीसगढ़ के भाटापारा में खुद का व्यवसाय है। वहां इनके पुत्र नौकरी भी करते हैं। रामअशीष परिवार के अन्य लोगों के साथ बीते 18 फरवरी को छत्तीसगढ़ में नव निर्मित मकान के गृह प्रवेश में गए हुए थे। पीड़ित रामआशीष तिवारी ने बताया कि गृह प्रवेश के बाद वह पत्नी सहित शनिवार देर शाम घर आए। मुख्य गेट का ताला खोलकर जब अंदर आए तो मकान के चैनल व दरवाजे का ताला टूट था। चोरों ने सोने के आभूषण सहित चांदी के 17 सिक्के, इन्वर्टर, बैटरी, ड्रम में रखा चावल और 17 हजार नगदी थे। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## 400 सीटों के लक्ष्य के लिए भाजपाइयों ने किया रुद्राभिषेक

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सकलडीहा क्षेत्र के बठ्ठी स्थित कालेश्वर नाथ मंदिर में भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रुद्राभिषेक करके भाजपा की पूरे देश में 400 सीटों के पार एवं चंदौली में ऐतिहासिक जीत के लिए पूजा अर्चना किया। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने बताया कि पीएम मोदी के सपने का भारत बनाने के लिए इस बार पूरा देश ने भाजपा को 400 सीटों पार का संकल्प लेकर विकसित भारत का प्रण लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता काम कर रहा है आज उसी क्रम में भगवान शिव के दरबार में भाजपजनों चंदौली लोकसभा में ऐतिहासिक जीत के लिए रूद्राभिषेक किए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई नई रूपरेखा लिख रहा है। सनातन संस्कृति परंपरा के अनुसार लोककल्याण देश कल्याण के लिए रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया है ।इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, अजित पाठक, कुमुद बिहारी सिंह, अनिल सिंह, विजय गुप्ता,अनिल राजभर, अश्वनी मिश्रा, मोनू पांडेय, अवनीश सिंह, दीपक पाठक, सौरभ गुप्ता, मोनू पांडेय, रमाशंकर खरवार, भगवान दास राम, सूरज पांडेय सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




**स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

# योजनाओं की जानकारी देकर समाज को किया जा है जागरूक

- डॉ बद्री नाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्नातकोत्तर कॉलेज गाजीपुर में रविवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० डॉ. राघवेंद्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी चारों इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कुशलपाल श्रोतशाला में प्रभारी प्राचार्य डा0 बद्री नाथ सिंह एवं एसोसिएट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ लव सिंह की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डा0 बद्री नाथ सिंह ने किया। स्वयं सेविकाओं ने मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 बद्री नाथ सिंह ने स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को संबंधित करते हुए कहा कि कैसे विभिन्न योजनाओं एवं जागरूकता अभियान द्वारा समाज को जागरुक किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है जिससे वह अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का दृढ़ होकर मुकाबला कर सकता है उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के लोगों के अर्थ को विस्तार से बताया लोगों का लाल एवं नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊजार्वान होने के लिए प्रेरित करता है लोगो का पहिया निर्माण, संरक्षण के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है डॉ लव सिंह ने स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को समाज से जोड़ता है साथ ही उन्होंने स्वयं सेवकों को अनुशासित एवं संयमित रहने की प्रेरणा भी प्रदान की। किसी भी विकट परिस्थिति में अपने आप को संभालकर रखना चाहिए। यदि को भी व्यक्ति जल्दबाजी करता है। तो उसे भविष्य में नुकसान हो सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा0 रुचि मूर्ति सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा शिव शंकर यादव ने कार्यक्रम का सकुशल संचालन किया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डा0 त्रिनाथ मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र एवं सहायक कर्मचारी राम प्रवेश, राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1, 2, 3 एवं 4 के सभी स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।



# करोड़ों लोगों के सुझावों पर तैयार होगा भाजपा का चुनावी एजेंडा : रमेश चंद्र मिश्रा

- व्यवसायी, उद्योगपति, सीए, एडवोकेट, डॉक्टर, पत्रकार से आमंत्रित किए जाएंगे सुझाव

**केटी न्यूज/जौनपुर**

भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की उपस्तिथि मे बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप प्राप्त सुझावों के आधार पर भाजपा 2024 के लिए अपना चुनावी एजेंडा तैयार करेगी। विकसित भारत मोदी की गारंटी विषय पर लोगों के सुझाव लिए जा रहे हैं। इसमें विधानसभा में कई जगह पेटी रखी जाएंगी। इसमें आम लोगों के साथ व्यवसायी, उद्योगपति, सीए, एडवोकेट, डॉक्टर, पत्रकार से जुड़े लोगों से पार्टी कार्यकर्ता संपर्क कर सुझाव पेटिका में सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद भाजपा घोषणा पत्र तैयार करेगी इसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार सरकार बनायेगी और भारत दुनिया में तीसरी महाशक्ति बनेगा।



उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार की सरकार का कार्यकाल पूरा कर लिया है। 2014 में जब सरकार बनी तब पीएम ने अपना संकल्प पत्र जनता और देश से जुड़े मुद्दों को लेकर जारी किया था। इसमें हमने 97 प्रतिशत काम किया। जब 2019 में सरकार बनी तब भी संकल्प पत्र जारी किया था। सरकार ने ईमानदारी के साथ अपने सभी कार्य किए हैं। ऐसे ही तीसरी बार हम चुनाव में जा रहे हैं। दोबारा हम संकल्प पत्र जारी करेंगे इसलिए एक करोड़ लोगों से संपर्क करके पांच हजार अलग-अलग स्थानों पर सुझाव पेटिकाएं लगाकर सुझाव आमंत्रित करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं कर रही है। हमारे एजेंडे में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी वर्ग के लोग हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सलमा और सुनीता, राम लाल और रमजान खान दोनों को मिल रहा है। हमारी सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। उन सुझावों को संकलित करके पूरे देश में आने वाले समय में भाजपा का क्या संकल्प होगा क्या घोषणा होगी वह जारी करेंगे।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प 2047 के तहत देश को विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है। विगत 10 सालों में मोदी सरकार ने समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया है। गरीब कल्याण के तहत आवास, बिजली, हर घर नल हर घर जल, विधवा पेंशन बढानें तथा किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया गया।

## एक नजर

### अरविंद राजभर हो सकते हैं घोसी लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी



**मऊ।** घोसी लोकसभा सीट से सुभासपा और भाजपा गठबंधन एनडीए के प्रत्याशी अरविंद राजभर हो सकते हैं। भाजपा ने एनडीए के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा कर दिया है। शनिवार को भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी की, जिसमे घोसी, गाजीपुर, बलिया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों का नाम नही है। जिसमे घोसी और गाजीपुर लोकसभा में भाजपा का प्रत्याशी 2019 के चुनाव में पराजित हो गया था। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा ने शायद यह सीटें अपने मित्र दलों को दे दिया है। घोसी लोकसभा में अति पिछड़ा समाज के मतदाता बहुसंख्यक मतदाता है। जो सवर्ण मतदाताओं के साथ मिलकर एमवाई फैक्टर को तोड़ सकते हैं। इसीलिए एनडीए के थिंकटैंक ने अति पिछड़े समाज पर दांव लगाया है। इस संदर्भ में सुभासपा महासचिव अरुन राजभर ने कहा कि छड़ी लेकर दलित, शोषित और वंचितों की लड़ाई को मंजिल तक पहुंचा कर उन्हें उनका हक और अधिकार दिलाया जायेगा इसके लिए आवश्यक है कि आने वाले घोसी संसदीय क्षेत्र के चुनाव में एनडीए का प्रत्याशी विजयी हो। भारत की संसद में घोसी से एनडीए का छड़ी वाला झंडा फरेगा तो विकास का नया प्रकाश दिखाई देगा। अरुन राजभर ने बताया कि शीघ्र ही संसदीय बोर्ड की बैठक में पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### 01 मार्च से 30 अप्रैल तक धारा 144 लागू

**मऊ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, गुड फ्राइडे, ईद-उल-फितर, डॉ.भीम राव अंबेडकर, रामनवमी, महावीर जयंती आदि जयंती एवं लोकसभा चुनाव 2024 एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा शांति भंग का प्रयास किया जा सकता है। और सामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों से संपूर्ण मऊ जनपद के नगरीय व देहाती क्षेत्रों में कहीं भी अथवा संपूर्ण जनपद में जनजीवन अस्त-व्यस्त होने व लोग शांति के भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई है। उक्त के दृष्टिगत मुझे यह भी समाधान हो गया है कि मऊ जनपद के संपूर्ण क्षेत्र में दिनांक 1 मार्च 2024 से असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम हेतु अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने अवांछित तत्वों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाने तथा आपत्तिजनक भाषण को रोकने एवं बिना अनुमति के पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने को प्रतिषेध करने वाली निषेधाज्ञा तत्काल जारी किया जाना अत्यंत ही आवश्यक एवं अपरिहार्य हो गया है। ऐसी आपात स्थिति में प्रत्येक संबंधित को व्यक्तिगत नोटिस देना एवं व्यक्तिगत नोटिस का तमिला तथा सुनवाई करना संभव नहीं है एवं एक पक्षीय आदेश निर्गत करना आवश्यक हो गया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे जनपद में दिनांक 01 मार्च 2024 से 30 अप्रैल 2024 के रात्रि 11:00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

### पुलिस ने दुष्कर्म व पोस्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** थान शाहगंज पुलिस टीम ने बलात्कार एवम पोस्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार। शाहगंज पुलिस ने दुष्कर्म, पोस्को व



एससी एसटी एक्ट के एक अभियुक्त श्यामलाल अग्रहरि पुत्र मेवालाल निवासी नई आबादी थाना शाहगंज को अवध पैलेस थाना टांडा जनपद अम्बेडकर नगर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

## खबरें फटाफट

### युवा लक्ष्य के साथ गांव का भी करें विकास : बम्होश

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय



विशेष शिविर का शुभारंभ रविवार को विश्वेसरिया सभागार इंजीनियरिंग संस्थान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बम्होश शुक्ल, गीतांजलि परिवार एवं कार्यालय प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ विशाल यादव और डॉ. अजय कुमार मौर्य, राजेन्द्र यादव, अभिषेक दुबे स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय रूपरेखा को बताया। कार्यालय कर्मचारी मैलास एवं बांकेलाल यादव एवं स्वयंसेवक बालमुकुंद सिंह,आनंद सिंह, प्रभात तिवारी, रोहित प्रजापति, मीनाक्षी मोदनवाल एवं समस्त स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

### 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**लखनऊ।** योगी सरकार ने आठ लाख एक हजार से अधिक धान किसानों को 11745 करोड़ का भुगतान किया। धान खरीद 2023-24 के अंतर्गत प्रदेश में 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। सरकार ने कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली में छह लाख 49 हजार मीट्रिक टन तो वाराणसी में छह लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। वहीं लखनऊ व रामनगरी अयोध्या मंडल के एक लाख से अधिक किसानों से धान की खरीद की गई। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां कुल 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 6.49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। वाराणसी मंडल में 6.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हुई।

## प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और प्रीमियम स्मार्ट क्लास का सीएम ने किया शिलान्यास

# जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : सीएम

- स्मार्ट सिटी ही नहीं यूपी के युवा भी बनेंगे स्मार्ट :योगी आदित्यनाथ
- साढ़े चार हजार विद्यार्थियों को मिला स्मार्टफोन व टैबलेट का उपहार

**केटी न्यूज/ गोरखपुर**





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। सीएम योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे।

**डिजिटली सक्षम बन रहे यूपी के युवा, बनाएंगे डिजिटल इंडिया का अग्रणी राज्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें।

**जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय, सरकार दे रही पैसा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे।

**प्रीमियम स्मार्ट क्लास के लिए सीएसआर फंड से दिल रहे पैसा :** सीएम योगी ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रीमियम स्मार्ट क्लास की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए सीएसआर फंड से पैसा दिलाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास को डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़कर इसे और उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्मार्ट क्लास का उपयोग जरूर करें, पूरी दुनिया इससे जुड़ रही है। इसे लगाने वाली कंपनी कुछ समय तक फ्री सर्विस देगी। उन्होंने कहा कि जब आप सीखना प्रारम्भ करेंगे तो कहीं भी मात नहीं खानी पड़ेगी।

**नए भारत के नए यूपी में शिक्षा व्यवस्था भी हो रही नई :** सीएम योगी ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नई हो रही है। सरकार इसी हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। सरकार का संकल्प है कि यूपी का युवा दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार ने हर जिले में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश बदल चुका है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। जबकि पहले युवा, आस्था, समृद्धि और सुरक्षा की चर्चा नहीं होती थी। 2014 के पहले यही हालात थे। आज देश, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, ज्योति प्रकाश मस्करा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### फिर एक बार मोदी सरकार का दिया नारा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने का मतलब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। हर व्यक्ति और भारत को विकसित बनाना है। मोदी सरकार में कोई दुश्मन आंखें नहीं दिखा सकता। अगर दिखाएगा तो उसे सबक भी सिखाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्मार्ट क्लास के सिस्टम को डेमो प्रेजेंटेशन से समझा।

### युवाओं को आगे बढ़ाना मोदी-योगी का सपना : रविकिशन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि



पीएम मोदी और सीएम योगी का सपना युवाओं को आगे बढ़ाने का है। युवाओं को समय के अनुरूप तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़े पैमाने पर टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध करा रहे हैं। सीएम योगी जिस गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं, उस पीठ से संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक क्रांति का सूत्रपात किया था। शिक्षा का प्रसार करना उन्हें विरासत में मिला है। आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अपर मुख्य सचिव ने बताया शिक्षा की गुणवत्ता मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आज वितरित किए जा रहे 1500 टैबलेट और 3000 स्मार्टफोन की कुल लागत 5 करोड़ रुपये है।




## नगर के कुल 20 शाखाओं के स्वयं सेवकों ने अपनी -अपनी शाखा लगाई

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शाखा संगम कार्यक्रम कराया सम्पन्न

- खराब मौसम के बावजूद 300 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/बलिया**

परम वैभवी भारत होगा, संघ शक्ति का हो विस्तार। गूंज उठे - गूंज उठे, भारत मां की जय जयकार..। जैसे सांघिक गीत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर द्वारा शहर के टाउन डिग्री कॉलेज के मैदान में शाखा संगम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नगर में चलने वाली सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपना शाखा ध्वज एवं अपने शाखा के स्वयंसेवकों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर चुने से बने ब्लॉकों में पहुंचे, जहां उनके द्वारा चुने व रंगोली से आकर्षक ध्वजमण्डल बनाया गया था। एक मैदान 20 शाखाएं व सैकड़ों स्वयं सेवक एवं उनके अलग-अलग ध्वज ऐसा अद्भुत दृश्य बरबस सबका ध्यान आकर्षित कर रहीं थी।



गौरतलब हो कि नगर की 18 प्रभात शाखाओं, एक समन्वय शाखा व एक सायं विद्यार्थी शाखा कुल 20 शाखाओं के स्वयं सेवकों द्वारा एक साथ अपनी -अपनी शाखा लगाई गई। शाखा के नियमित शारीरिक कार्यक्रम यथा योग-आसन, व्यायाम, सूर्य नमस्कार, समता, संचलन व खेल तथा नियमित बौद्धिक कार्यक्रम जैसे अमृत वचन, सुभाषित, बोध कथा व गीत कराया गया। संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले केंद्रीय मंच से सुनकर सामूहिक रूप से दोहराई गई।

खराब मौसम तथा बेमौसम बारिश के बाद उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थिति में भी पूरे नगर की 20 शाखाओं के 300 स्वयंसेवकों ने शाखा वेश में पूरे उत्साह के साथ शाखा संगम के प्रयोग के सहभागी बने। इस अवसर पर बलिया विभाग के विभाग प्रचारक तुलसी रामजी ने सामाजिक समरसता का उदाहरण देते हुए स्वयं सेवकों में समरस समाज का भाव जगाने के साथ ही समय समर्पण बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि समाज में संघ कार्य की स्वीकार्यता के साथ ही संगठन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने आगे बताया कि शाखा का उद्देश्य एक-एक बिखरे भारतीय को एक सूत्र में बांधना है जिसमें बाल तरूण, प्रौढ़, व्यवसाई, विद्यार्थी सम्मलित है।

## सुभाषितम्

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है। - शंकराचार्य

# धर्म के फेर में देश

हर दुख और आपत्ति में क्या करना चाहिए : धर्म कहता है कि प्रार्थना करनी चाहिए। कबीर दास को हिंदू संत मान लिया गया है और उन का दोहा दुख में सुमरिन सब करें हर मुंह पर चढ़ा दिया गया है। कथन साफ है कि दुख में हर कोई स्मरण करता है कि हे प्रभु, मुझे विपत्ति, रोड़ा, नुकसान, रेप, हिंसा, प्राकृतिक प्रकोप, पुलिस, जेल आदि से बचाओ, बचाओ। यह बात इतनी बार बोली जाती है कि जो सफल होते हैं वे तो अपने कामों में ही लगे रहते हैं पर जो असफल रहते हैं, पिछड़े रह जाते हैं। वे इस कथन का अक्षरशः पालन करने के लिए एक मंदिर से दूसरे मंदिर, एक बाबा से दूसरे बाबा, एक तीर्थ से दूसरे तीर्थ जाने लगते हैं। हर धर्म यही सिखाता है कि आफत में प्रार्थना करो। यहूदी सदियों तक पूजापाठ के कारण सताए गए. जब वे फिलिस्तीनी इलाकों में रोमनों, ईसाईयों और फिर अरब मुसलिमों से सताए गए तो यूरोप में जा बसे जहां उन्हें फिर सताया गया। उन का धर्म उन के साथ चला, वे फलेफूले भी पर विपत्तियों में मरे भी, जेलों में सड़े भी, परिवारों को छोड़ कर दूसरे धर्म अपनाए भी. लेकिन उन में से ज्यादातर ने पूजा के स्थान पर कर्मठता का रास्ता अपनाया। कुछ यहूदियों ने पढ़ना लिखना शुरू किया। वे साइंटिस्ट बने, विचारक बने, अन्वेषणकर्ता बने। उन की सफलताओं ने दूसरों को चिढ़ाया। उन पर फिर और अत्याचार हुए। लेकिन वे समाप्त नहीं हुए क्योंकि वे सिनेगौग (उपासना गृह) कम बना रहे थे, व्यापार-उद्योग ज्यादा चला रहे थे। वे अपने साथ अपनी जमीन पर रह रहे स्थानीय लोगों से ज्यादा संपन्न हो गए. यूरोपीय उन से चिढ़ने लगे। यूरोपियनों (ईसाईयों) के विशाल चर्च तो बनने लगे पर वे यहूदियों की तरह अमीर नहीं बन पा रहे थे क्योंकि वे अपनी जमीन पर मेहनत करने की जगह पूजापाठ कर रहे थे. पोप अमीर बन रहे थे, बिशप अमीर बन रहे थे, जबकि ईसाई जनता बेहाल थी। आज यहूदियों ने एक जमीन को अपनी पुश्तैनी कह कर उस पर कब्जा कर लिया है. उन का इजराइल दुनिया के नए देशों में से सब से संपन्न है. वहीं के रहने वाले फिलिस्तीनी पूजापाठी हैं, हिंसक हैं, मरने से नहीं डरते और मारते हुए उन्हें दर्द नहीं होता। वे बेहद धर्मकट्टर हैं. आज वे बुरी तरह मार खा रहे हैं, इस बुरी तरह कि उन के पड़ोसी, उन के धर्म को मानने वाले देशों में हिम्मत नहीं है कि पैसा होते हुए भी वे इजराइल की गाजा में आज की जा रही अति का मुकाबला बहादुरी से कर सकें। इधर, हमारे देश में लड़ाई गरीबी, गलत या अधूरी शिक्षा से है। हमारा दुश्मन हमारे अपने अंधविश्वास, अपने जातिगत भेदभाव हैं। हमारे पैरों में बेड़ियां हमारी नौकरशाही, हमारे नेताओं, हमारे अपने कौर्पोरेटों ने डाल रखी हैं। जबकि, अफसोस है कि इस का हल या इलाज हमें यह बताया जा रहा है- दुख में सुमरिन सब करें, सुख में करे न कोय; जो सुख में सुमरिन करें, दुख काहे का होय। जो दुखी है, बीमार है, गरीब है, वह पड़ोस के मंदिर में जा रहा है. जो अमीर है, सुखी है, संपन्न है वह कामधाम छोड़ कर स्मरण करने के लिए एक से दूसरे तीर्थ पर हवाईजहाजों में जा रहा है, फाइवस्टार होटलों में रह रहा है और वह गरीब से कह रहा है कि देखो, मैं पैसे वाला हूं, सफल हूं पर फिर भी तीर्थों में मारामारा फिर रहा हूं. तुम भी सफल होना चाहते हो तो कामधाम छोड़ो, भक्ति में लग जाओ। अब तो सरकारें भी यही कह रही हैं- पूजापाठ करो, देश पर पैसा बरसेगा, तीर्थों में जाओ, गरीबी दूर होगी. दानदक्षिणा दो, बेरोजगारी दूर होगी. प्रार्थना करो, बीमारी दूर होगी। कमोबेश सभी समाज ऐसा ही कह रहे हैं. लेकिन भारत में हम तो हर सीमा लांघ रहे हैं। हम वह जमीन तैयार कर रहे हैं कि जब 7वीं शताब्दी में बौद्ध विहारों को तोड़ना अकेला पुण्य का काम रह गया था. उस से देश के शासन में जो शून्यता आई थी उस ने विदेशियों को आमंत्रित किया जिन का शासन 1947 तक लगातार चलता रहा. आज लगता है, फिर उसी की शुरूआत हो गई है।

## चिंतन-मनन

# विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई।

धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

# विधायिका और कार्यपालिका की जिम्मेदारी तय हो

**- सनत जैन**

भारत के संविधान और लोकतंत्र को यदि सुरक्षित रखना है। तो विधायिका और कार्यपालिका की की जवाबदेही भी तय करनी होगी। जब तक विधायिका और कार्यपालिका के कार्यों को लेकर उन्हें जिम्मेदार नहीं बनाया जाएगा। तब तक संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रख पाना संभव नहीं होगा। संविधान ने यह जिम्मेदारी न्यायपालिका को दी है। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही है। न्यायपालिका सरकार के इशारे पर काम करती हुई नजर आ रही है। जिसके कारण भारतीय लोकतंत्र खतरे में पडता हुआ दिख रहा है। राजनीति में नैतिक मानदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण अनैतिक राजनीति का बोलबाला हो गया है। दल बदल कानून पूरी तरीके से निष्प्रभावी हो गया है। विधायकों और सांसदों की जिस तरीके से खरीद फरोख्त हो रही है। सरकार की केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जिस मनमाने तरीके से सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्षियों के ऊपर कारवाई की जा रही है। बहुमत के आधार पर सरकार द्वारा बिना प्रक्रिया का पालन कर जो कानून बनाए जा रहे हैं। मौलिक अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित किया जा रहे है। सरकार ने यह मान लिया है कि उसके पास बहुमत है। वह कोई भी कानून बना सकती है। उस कानून पर हस्तक्षेप करने का अधिकार न्यायपालिका को भी नहीं है। आश्चर्य तो तब होता है, जब न्यायपालिका भी संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ जाती है। न्यायपालिका के ऊपर सरकार की दखलंदाजी एवं न्यायाधीशों के ऊपर जिस तरह का प्रभाव दिख रहा है। संसद में बिना बहस के कानून बनाए जा रहे हैं। कानून बनाने के लिए जो नियम बनाए गए हैं, उनका भी पालन संसद और विधानसभा में नहीं हो रहा है। मनी बिल के रूप में ऐसे ऐसे कानून बना दिए गए, जिन्हें मनी बिल के रूप में पारित नहीं किया जा सकता है। सांसदों के अधिकार एक तरह से संसद में ही खत्म कर दिए गए। बहुमत के आधार पर सरकारों का अनैतिक तरीके से गठन किया जाने लगा। चुनाव में किसी भी पार्टी को जीत मिली हो। चुनाव के बाद जिस तरह से थोक के भाव में दल बदल कराकर डबल इंजन की सरकार की नई अवधारणा देश में तैयार की गई है। चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए अपारदर्शी



इलेक्ट्रोल बांड की सुविधा लाई गई। कई वर्षों तक सुप्रीम कोर्ट में यह मामला लंबित रहा। अब इसका फैसला आया है, जिसमें उसे असंवैधानिक बताया गया है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने मौलिक अधिकारों में छेड़छाड़ के अधिकार तीनों अंग जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को नहीं दिए हैं। न्यायपालिका को संविधान में सर्वोच्चता पर रखा है। विधायिका, कार्यपालिका को संविधान ने असीमित शक्तियां दी हैं। लेकिन विधायिका और कार्यपालिका जिम्मेदारी के साथ काम कर रही हैं या नहीं, इस पर नियंत्रण का अधिकार न्यायपालिका को दिया है। न्यायपालिका की ही ताकत थी, उसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को गवाही के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुला लिया। इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित कर दिया। कई और ऐसे कानून जो इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल के दौर में बनाए थे, उन्हें असंवैधानिक घोषित कर दिया था। जिसके कारण लगभग 60 वर्षों तक न्यायपालिका की सर्वोच्चता और उसके ऊपर आम जनों का विश्वास बना रहा। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह की मनमानी विधायिका में संख्या बल के आधार पर की जा रही है। संविधान की उपेक्षा की जा रही है। कार्यपालिका भी मनमाने तरीके से काम करने लगी है। कार्यपालिका में सरकार का अवैधानिक दबाव बना हुआ है। नियम और कानून की ऊपेक्षा की जा रही है। सरकार द्वारा जो कानून बनाए गए हैं। उसमें न्यायपालिका की शक्ति को भी सीमित करने का काम किया जा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों तथा संवैधानिक संस्थाओं में जिस तरह से राजनीतिक आधार पर नियुक्तियां की जा रही हैं। उसके कारण भारतीय संविधान और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं दम तोड़ती हुई नजर आ रही हैं। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पिछले वर्षों में लगभग खत्म हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन के समय चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली को लेकर आम जनों के बीच में एक विश्वास बना था। सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिलता था। चुनाव के दौरान सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर पाए, इसके लिए चुनाव आयोग ने एक बेहतर व्यवस्था विकसित की थी। टीएन सेशन के बाद धीरे-धीरे चुनाव आयोग सरकार पर आश्रित होता चला गया। हाल ही में सरकार ने जो कानून बनाया है, उसके अनुसार चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सरकार का बहुमत हो जाने के कारण चुनाव आयोग की निष्पक्षता भी समाप्त हो गई है। ईवीएम का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बैलेट से चुनाव करने की मांग बढ़ती जा रही है। न्यायपालिका से आरोपियों को लंबे समय तक जमानत नहीं दी जा रही है। भारतीय संविधान में नागरिकों को स्वतंत्रता को सर्वोच्चता पर रखा गया है। जेल को अपवाद माना गया है। न्यायपालिका में जमानत का नियम है। न्यायपालिका से अब आरोपियों को कई महीनों और वर्षों तक जमानत नहीं मिल रही है। न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में सरकारी हस्तक्षेप स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। न्यायपालिका में जो भी प्रकरण सुनवाई के लिए जाते हैं। उसमें अधिकांश मामलों में सरकार एक पार्टी होती है। न्यायपालिका को निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने की अपेक्षा की जाती है। न्यायपालिका जब सरकार की दबाव में काम करेगी, तो कैसे नागारिकों को न्याय मिल पाएगा। संवैधानिक एवं कार्यपालिका के मुख्य पदों पर बैठे लोगों द्वारा जानबूझकर गलत निर्णय लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। अभी जो भी कानून बनते हैं, उनमें लोक सेवकों को संरक्षण मिल जाता है। जिसके कारण जानबूझकर बदनियति से लिए गए निर्णय पर भी उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होती है। जिसके मन में जो आ रहा है, वह कर रहा है। लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है, जिनके पास अधिकार है, उनकी जवाब देही भी तय की जाए।

# कानून रसूखदारों के लिये सिर्फ खिलौना है!

**- आशीष वशिष्ठ**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं।

आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है ! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है।

पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी सी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख



अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है केजरीवाल की तरह तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे, और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होने किये। बड़ी जदोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं।

जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है कितनों को उसके दोषी की सजा याद है कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा।

प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशो आराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है।

# भारत में तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि

**- प्रहलाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेशकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है।

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे।

भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है।

# आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन अच्छा है।आज का दिन मानसिक परेशानियों से भरा रह सकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ** दिन शुभ और उन्नतिदायक रहेगा। पुराने संकट दूर होंगे और करियर को नई उड़ान मिल सकती है।

**वृश्चिक** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। परिवार के साथ पर्यटन का सुअवसर आएगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। कार्यों की भागदौड़ कम होगी, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**धनु** दांपत्य जीवन में कष्ट आएगा। जरूरतों पर खर्च अधिक होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क** दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। रोगों से मुक्ति मिलेगी। इन पर हो रहा खर्च भी कम होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। नौकरी में उन्नति, व्यापार में लाभ होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। नौकरी में बदलाव के साथ उन्नति होगी।

**कुंभ** आज किसी पुराने मित्र से मिलना हो सकता है। स्वास्थ्य में पहले से सुधार आएगा।

**कन्या** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। खानपान संतुलित रखेंगे तो कोई परेशानी नहीं आएगी।

**मीन** दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। संपत्ति, भौतिक सुख और आनंददायक कार्यों पर धन खर्च करेंगे।

## विशेष

### सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की

लोकसभा चुनाव के पहले इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है। भारतीय राजनीति में इसे बड़े आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है। दोनों के बीच जब सीटों का बंटवारा हो गया है। तब इस बात के कयास लग रहे हैं, कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कैसे मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पंजाब में दोनों राजनीतिक दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हरियाणा में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के लिए कुरुक्षेत्र की सीट छोड़ दी है। दिल्ली की 7 सीटों पर आम आदमी पार्टी लड़ रही है। तीन सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी। हरियाणा, दिल्ली और पंजाब में कैसे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी। इसकी चर्चा शुरू हो गई है।

### चुनाव हारे, तो क्या होगा मंत्रियों का

कई मंत्रियों का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल माह में समाप्त हो रहा है। भाजपा ने उन्हें राज्यसभा की टिकट नहीं दी। उन्हें लोकसभा के चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है। धर्मेंद्र प्रधान,भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडवीया, पुरुषोत्तम रुपाला, नारायण राणे, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, हरदीप पुरी, राजीव चंद्रशेखर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अभी कई मंत्री राज्यसभा के सदस्य हैं। यह केंद्रीय मंत्री लोकसभा का चुनाव हार गए,तो इनका राजनीतिक भविष्य क्या होगा। इसको लेकर इनकी चिंता बढ़ी हुई है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1606: फ्रांस नरेश हेनरी चतुर्थ ने विद्रोह दमन के लिए सूडान पर कब्जा किया। 1857 : इंग्लैंड फ्रांस युद्ध समाप्त हुआ। 1858 : कलकत्ता से 200 बंदियों को लेकर जे.पी.वाकर अंडमान बस्ती बसाने के लिए रवाना हुआ। 1908: कोलिनवुड, ओहियो,अमेरिका में स्कूल में अग्निकांड से 46 बच्चों और शिक्षकों की मृत्यु। 1957: प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन हुआ। 1967: भारत के प्रथम विमान वाहक पोत आईएजएस विक्रांत ने कामकाज शुरू किया। 1970 : फ्रांसीसी पनडुब्बी भूमध्यसागर में 57 व्यक्तियों सहित लापता हुई. 1972: सोवियत संघ ने लीबियाई तेल शोधन के लिए समझौता किया। 1977: रोमानिया के कई शहरों में भूकंप से हजारों लोग मारे गए। 1990 : दक्षिण अफ्रीका के होमलैंड सिस्केई में एएनसी के समर्थकों ने सरकार का तख्ता पलट दिया।

## दैनिक पंचांग

**04 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2024 वर्ष का 64 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 08.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 16.21 बजे को समाप्त। **योग** वज्र 16.06 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 08.50 बजे तदनन्तर तैतिल 20.33 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.53 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 08.24 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.04 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.02 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.16 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.32 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.44 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.54 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.09 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.25 बजे से |
| 7.30 से 9.00 बजे तक | | मकर | 03.30 बजे से |
| | | कुंभ | 05.17 बजे से |

**चन्द्रायु** 23.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871908
**जूलियन दिन** 2460373.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 22
**विशेष** जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



**संपूर्ण विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या एक गंभीर समस्या है, बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को (इकालाजी सिस्टम) प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।**

# जैविक खेती

प्राचीन काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकुल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थो के बीच आदान-प्रदान का चक्र श्चष्भ्द्यश्चद्दद्बष्ड्डद्य ह्य4ह्यह्लद्गद्व निरन्तर चलता रहा था, जिसके फलस्वरूप जल, भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था। भारत वर्ष में प्राचीन काल से कृषि के साथ-साथ गौ पालन किया जाता था, जिसके प्रमाण हमारे ग्रांथों में प्रभु कृष्ण और बलराम हैं जिन्हें हम गोपाल एवं हलधर के नाम से संबोधित करते हैं अर्थात कृषि एवं गोपालन संयुक्त रूप से अत्याधिक लाभदायी था, जोकि प्राणी मात्र व वातावरण के लिए अत्यन्त उपयोगी था। परन्तु बदलते परिवेश में गोपालन धीरे-धीरे कम हो गया तथा कृषि में तरह-तरह की रसायनिक खादों व कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जिसके फलस्वरूप जैविक और अजैविक पदार्थो के चक्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, और वातावरण प्रदूषित होकर, मानव जाति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अब हम रसायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों के उपयोग के स्थान पर, जैविक खादों एवं दवाईयों का उपयोग कर, अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं जिससे भूमि, जल एवं वातावरण शुध्द रहेगा और मनुष्य एवं प्रत्येक जीवधारी स्वस्थ रहेंगे।

भारत वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और कृषकों की मुख्य आय का साधन खेती है। हरित क्रांति के समय से बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए एवं आय की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है अधिक उत्पादन के लिये खेती में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरको एवं कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है जिससे सीमान्य व छोटे कृषक के पास कम जोत में अत्यधिक लागत लग रही है और जल, भूमि, वायु और वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है साथ ही खाद्य पदार्थ भी जहरीले हो रहे है। इसलिए इस प्रकार की उपरोक्त सभी समस्याओं से निपटने के लिये गत वर्षो से निरन्तर टिकाऊ खेती के सिध्दान्त पर खेती करने की सिफारिश की गई, जिसे प्रदेश के कृषि विभाग ने इस विशेष प्रकार की खेती को अपनाने के लिए, बढ़ावा दिया जिसे हम ÷जैविक खेती÷ के नाम से जानते है। भारत सरकार भी इस खेती को अपनाने के लिए प्रचार-प्रसार कर रही है।

## जैविक खेती हेतु प्रमुख जैविक खाद एवं दवाईयाँ

### जैविक खादें

नाडेप
बायोगैस स्लरी
वर्मी कम्पोस्ट
हरी खाद
जैव उर्वरक (कल्चर)
गोबर की खाद
नाडेप फास्फो कम्पोस्ट
पिट कम्पोस्ट (इंदौर विधि)
मुर्गी का खाद
भभूत अमतपानी
अमृत संजीवनी
मटका खाद
गौ-मूत्र
नीम- पत्ताी का घोल/निबोली/खली
मट्ठा
मिर्च/लहसु
लकड़ी की राख
नीम व करंज खली

## जैविक खेती से होने वाले लाभ

**कृषकों की दृष्टि से लाभ –**

भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृध्दि हो जाती है।
सिंचाई अंतराल में वृध्दि होती है ।
रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से कास्त लागत में कमी आती है।
फसलों की उत्पादकता में वृध्दि।

## मिट्टी की दृष्टि से

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है।
भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं।
भूमि से पानी का वाष्पीकरण कम होगा।

## पर्यावरण की दृष्टि से

भूमि के जल स्तर में वृध्दि होती हैं।
मिट्टी खाद पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण मे कमी आती है।
कचरे का उपयोग, खाद बनाने में, होने से बीमारियों में कमी आती है ।

## फसल उत्पादन की लागत में कमी एवं आय में वृध्दि

अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद की गुणवत्ताा का खरा उतरना।



जैविक खेती, की विधि रासायनिक खेती की विधि की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है अर्थात जैविक खेती मृदा की उर्वरता एवं कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णतः सहायक है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है । जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही कृषक भाइयों को आय अधिक प्राप्त होती है तथा अंतराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा में कृषक भाई अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आधुनिक समय में निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती की राह अत्यन्त लाभदायक है । मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितान्त आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हों, शुध्द वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिये हमें जैविक खेती की कृषि पध्दतियाँ को अपनाना होगा जोकि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किये बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी।



# केंचुआ खाद से मृदा सुधार

**हम सभी अच्छी तरह जानते हैं कि भूमि में पाये जाने वाले केंचुए मनुष्य के लिए बहुपयोगी होते हैं। मनुष्य के लिए इनका महत्व सर्वप्रथम सन् 1881 में विश्व विख्यात जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने अपने 40 वर्षों के अध्ययन के बाद बताया। इसके बाद हुए अध्ययनों से केंचुओं की उपयोगिता उससे भी अधिक साबित हो चुकी है जितनी कि डार्विन ने कभी कल्पना की थी।**



## केंचुआ खाद से मृदा सुधार-जानें केचुओं से सम्बंधित कुछ तथ्य

भूमि में पाये जाने वाले केंचुए खेत में पढ़े हुए पेड़-पौधों के अवशेष एवं कार्बनिक पदार्थों को खा कर छोटी-छोटी गोलियों के रूप में परिवर्तित कर देते हैं जो पौधों के लिए देशी खाद का काम करती है। इसके अलावा केंचुए खेत में ट्रैक्टर से भी अच्छी जुताई कर देते हैं जो पौधों को बिना नुकसान पहुँचाए अन्य विधियों से सम्भव नहीं हो पाती। केंचुओं द्वारा भूमि की उर्वरता उत्पादकता और भूमि के भौतिक, रासायनिक व जैविक गुणों को लम्बे समय तक अनुकूल बनाये रखने में मदद मिलती है।

केंचुओं की कुछ प्रजातियां भोजन के रूप में प्रायः अपघटनशील व्यर्थ कार्बनिक पदार्थों का ही उपयोग करती हैं। भोजन के रूप में ग्रहण की गई इन कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा का 5 से 10 प्रतिशत भाग शरीर की कोशिकाओं द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है और शेष मल के रूप में विसर्जित हो जाता है जिसे वर्मीकास्ट कहते हैं। नियंत्रित परिस्थिति में केंचुओं को व्यर्थ कार्बनिक पदार्थ खिलाकर पैदा किए गये वर्मीकास्ट और केचुओं के मृत अवशेष, अण्डे, कोकून, सूक्ष्मजीव आदि के मिश्रण को केंचुआ खाद कहते हैं। नियंत्रित दशा में केंचुओं द्वारा केंचुआ खाद उत्पादन की विधि को वर्मीकम्पोस्टिंग और केंचुआ पालन की विधि को वर्मीकल्चर कहते हैं।

वर्मीकम्पोस्ट का रासायनिक संगठन मुख्य रूप से उपयोग में लाये गये अपशिष्ट पदार्थों के प्रकार, उनके स्रोत व निर्माण के तरीकों पर निर्भर करता है। सामान्य तौर पर इसमें पौधों के लिए आवश्यक लगभग सभी पोषक तत्व सन्तुलित मात्रा तथा सुलभ अवस्था में मौजूद होते हैं। वर्मीकम्पोस्ट में गोबर के खाद की अपेक्षा 5 गुना नाइट्रोजन, 8 गुना फास्फोरस, 11 गुना पोटाश और 3 गुना मैग्निशियम तथा अनेक सूक्ष्म तत्व सन्तुलित मात्रा मे पाये जाते हैं।

## कृषि में केंचुओं का योगदान

यद्यपि केंचुआ लंबे समय से किसान का अभिन्न मित्र हलवाहा के रूप में जाना जाता रहा है। सामान्यतः केंचुए की महत्ता भूमि को खाकर उलट-पुलट कर देने के रूप में जानी जाती है जिससे कृषि भूमि की उर्वरता बनी रहती है। यह छोटे एवं मझोले किसानों तथा भारतीय कृषि के योगदान में अहम् भूमिका अदा करता है। केंचुआ कृषि योग्य भूमि में प्रतिवर्ष 1 से 5 मि.मी. मोटी सतह का निर्माण करते हैं। इसके अतिरिक्त केंचुआ भूमि में निम्न ढंग से उपयोगी एवं लाभकारी है।

## भूमि की भौतिक गुणवत्ता में सुधार

केंचुए भूमि में उपलब्ध फसल अवशेषों को भूमि के अंदर तक ले जाते हैं और सुरंग में इन अवशेषों को खाकर खाद के रूप में परिवर्तित कर देते हैं तथा अपनी विष्ठा रात के समय में भू सतह पर छोड़ देते हैं। जिससे मिट्टी की वायु संचार क्षमता बढ़ जाती है। एक विशेषज्ञ के अनुसार केंचुए 2 से 250 टन मिट्टी प्रतिवर्ष उलट-पलट कर देते हैं जिसके फलस्वरूप भूमि की 1 से 5 मि.मी. सतह प्रतिवर्ष बढ़ जाती है। केंचुओं द्वारा निरंतर जुताई व उलट-पलट के कारण स्थायी मिट्टी कणों का निर्माण होता हैजिससे मृदा संरचना में सुधार एवं वायु संचार बेहतर होता है जो भूमि में जैविक क्रियाशीलता, ह्यूमस निर्माण तथा नाइट्रोजन स्थिरीकरण के लिए आवश्यक है।

संरचना सुधार के फलस्वरूप भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है तथा रिसाव एवं आपूर्ति क्षमता बढ़ने के कारण भूमि जल स्तर में सुधार एवं खेत का स्वतः जल निकास होता रहता है।

मृदा ताप संचरण व सूक्ष्म पर्यावरण के बने रहने के कारण फसल के लिए मृदा जलवायु अनुकूल बनी रहती है।

## भूमि की रासायनिक गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार

पौधों को अपनी बढ़वार के लिए पोषक तत्व भूमि से प्राप्त होते हैं तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराने की भूमि की क्षमता को भूमि उर्वरता कहते हैं। इन पोषक तत्वों का मूल स्रोत मृदा पैतृक पदार्थ फसल अवशेष एवं सूक्ष्म जीव आदि होते हैं। जिनकी सम्मिलित प्रक्रिया के फलस्वरूप पोषक तत्व पौधों को प्राप्त होते हैं। सभी जैविक अवशेष पहले सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित किये जाते हैं। अर्द्धअपघटित अवशेष केंचुओं द्वारा वर्मीकास्ट में परिवर्तित होते हैं। सूक्ष्म जीवों तथा केंचुआ सम्मिलित अपघटन से जैविक पदार्थ उत्तम खाद में बदल जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं।

भूमि की जैविक गुणवत्ता में सुधार भूमि में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ, भूमि में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव तथा केंचुओं की संख्या एवं मात्रा भूमि की उर्वरता के सूचक हैं। इनकी संख्या, विविधता एवं सक्रियता के आधार पर भूमि के जैविक गुण को मापा जा सकता है। भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवों की जटिल श्रृंखला एवं फसल अवशेषों के विच्छेदन के साथ केंचुआ की क्रियाशीलता भूमि उर्वरता का प्रमुख अंग है। भूमि में उपलब्ध फसल अवशेष इन दोनों की सहायता से विच्छेदित होकर कार्बन को उर्जा स्त्रोत के रूप में प्रदान कर निरंतर पोषक तत्वों की आपूर्ति बनाये रखने के साथ-साथ भूमि में एन्जाइम, विटामिन्स, एमीनो एसिड एवं ह्यूमस का निर्माण कर भूमि की उर्वरा क्षमता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

## भूमि की रासायनिक गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार

पौधों को अपनी बढ़वार के लिए पोषक तत्व भूमि से प्राप्त होते हैं तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराने की भूमि की क्षमता को भूमि उर्वरता कहते हैं। इन पोषक तत्वों का मूल स्रोत मृदा पैतृक पदार्थ फसल अवशेष एवं सूक्ष्म जीव आदि होते हैं। जिनकी सम्मिलित प्रक्रिया के फलस्वरूप पोषक तत्व पौधों को प्राप्त होते हैं। सभी जैविक अवशेष पहले सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित किये जाते हैं। अर्द्धअपघटित अवशेष केंचुओं द्वारा वर्मीकास्ट में परिवर्तित होते हैं। सूक्ष्म जीवों तथा केंचुआ सम्मिलित अपघटन से जैविक पदार्थ उत्तम खाद में बदल जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं।

भूमि की जैविक गुणवत्ता में सुधार भूमि में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ, भूमि में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव तथा केंचुओं की संख्या एवं मात्रा भूमि की उर्वरता के सूचक हैं। इनकी संख्या, विविधता एवं सक्रियता के आधार पर भूमि के जैविक गुण को मापा जा सकता है। भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवों की जटिल श्रृंखला एवं फसल अवशेषों के विच्छेदन के साथ केंचुआ की क्रियाशीलता भूमि उर्वरता का प्रमुख अंग है। भूमि में उपलब्ध फसल अवशेष इन दोनों की सहायता से विच्छेदित होकर कार्बन को उर्जा स्त्रोत के रूप में प्रदान कर निरंतर पोषक तत्वों की आपूर्ति बनाये रखने के साथ-साथ भूमि में एन्जाइम, विटामिन्स, एमीनो एसिड एवं ह्यूमस का निर्माण कर भूमि की उर्वरा क्षमता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।



## केंचुओं का जीवन चक्र व जीवन से संबंधित जानकारियाँ

केंचुए द्विलिंगी होते हैं अर्थात एक ही शरीर में नर तथा मादा जननांग पाये जाते हैं।

2. द्विलिंगी होने के बावजूद केंचुओं में निषेचन दो केंचुओं के मिलन से ही सम्भव हो पाता है क्योंकि इनके शरीर में नर तथा मादा जननांग दूर-दूर स्थित होते हैं और नर शुक्राणु व मादा शुक्राणुओं के परिपक्व होने का समय भी अलग-अलग होता है। सम्भोग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद केंचुए कोकून बनाते हैं। कोकून का निर्माण लगभग 6 घण्टों में पूर्ण हो जाता है।

3. केंचुए लगभग 30 से 45 दिन में वयस्क हो जाते हैं और प्रजनन करने लगते हैं।

4. एक केंचुआ 17 से 25 कोकून बनाता है और एक कोकून से औसतन 3 केंचुओं का जन्म होता है।

5. केंचुओं में कोकून बनाने की क्षमता अधिकांशतः 6 माह तक ही होती है। इसके बाद इनमें कोकून बनाने की क्षमता घट जाती है।

6. केंचुओं में देखने तथा सुनने के लिए कोई भी अंग नहीं होते किन्तु ये ध्वनि एवं प्रकाश के प्रति संवेदनशील होते हैं और इनका शीघ्रता से एहसास कर लेते हैं।

7. शरीर पर श्लैष्मा की अत्यन्त पतली व लचीली परत मौजूद होती है जो इनके शरीर के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है।

8. शरीर के दोनों सिरे नुकीले होते हैं जो भूमि में सुरंग बनाने में सहायक होते हैं।

9. केंचुओं में शरीर के दोनों सिरों (आगे तथा पीछे) की ओर चलने की क्षमता होती है।

10. मिट्टी या कचरे में रहकर दिन में औसतन 20 बार ऊपर से नीचे एवं नीचे से ऊपर आते हैं।

11. केंचुओं में मैथुन प्रक्रिया लगभग एक घण्टे तक चलती हैं।

12. केंचुआ प्रतिदिन अपने वजन का लगभग 5 गुना कचरा खाता है। लगभग एक किलो केंचुए (1000 संख्या) 4 से 5 किग्रा0 कचरा प्रतिदिन खा जाते हैं।

13. रहन-सहन के समय संख्या अधिक हो जाने एवं जगह की कमी होने पर इनमें प्रजनन दर घट जाती है। इस विशेषता के कारण केंचुआ खाद निर्माण के दौरान अतिरिक्त केंचुओं को दूसरी जगह स्थानान्तरित कर देना अत्यन्त आवश्यक है।

14. केंचुए सूखी मिट्टी या सूखे व ताजे कचरे को खाना पसन्द नहीं करते अतः केंचुआ खाद निर्माण के दौरान कचरे में नमीं की मात्रा 30 से 40 प्रतिशत और कचरे का अर्द्ध-सड़ा होना अत्यन्त आवश्यक है।

15. केंचुए के शरीर में 85 प्रतिशत पानी होता है तथा यह शरीर के द्वारा ही श्वसन एवं उत्सर्जन का पूरा कार्य करता है।

16. कार्बनिक पदार्थ खाने वाले केंचुओं का रंग मांसल होता है जबकि मिट्टी खाने वाले केंचुए रंगहीन होते हैं।

17. केंचुओं में वायवीय श्वसन होता है जिसके लिए इनके शरीर में कोई विशेष अंग नहीं होते। श्वसन क्रिया (गैसों का आदान प्रदान) देह भित्ति की पतली त्वचा से होती है।

18. एक केंचुए से एक वर्ष में अनुकूल परिस्थितियों में 5000 से 7000 तक केंचुए प्रजनित होते हैं।

19. केंचुए का भूरा रंग एक विशेष पिगमेंट पोरफाइरिन के कारण होता है।

20. शरीर की त्वचा सूखने पर केंचुआ घुटन महसूस करता है और श्वसन (गैसों का आदान-प्रदान) न होने से मर जाता है।

21. शरीर की ऊतकों में 50 से 75 प्रतिशत प्रोटीन, 6 से 10 प्रतिशत वसा,कैल्शियम, फास्फोरस व अन्य खनिज लवण पाये जाते हैं अतः इन्हें प्रोटीन एवं ऊर्जा का अच्छा स्त्रोत माना गया है।

# गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई की कुर्सी को खतरा

## एआई जेमिनी की नाकामी के बाद उठ रहे हैं सवाल, एआई की होड़ में काफी पिछड़ चुकी है गूगल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। नवंबर 2022 में जब ओपनएआई और चैटजीपीटी रिलीज किया था तो गूगल पर दबाव बढ़ गया था। गूगल ने इसके जवाब में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया। लेकिन इसे अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है और यह एक तरह से हास्य का पात्र बनकर रह गया है। यही वजह है कि पिचाई पर दबाव बढ़ गया है। माना जा रहा है कि वह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं या फिर कंपनी उन्हें निकाल सकती है। पिचाई 2022 में अमेरिका में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सीईओ थे। उन्हें 22.6 करोड़ डॉलर की सैलरी मिली। अगर भारतीय रुपयों में देखें तो यह करीब 18,84,39,13,900 रुपये बैठती है। यानी पिचाई की रोजाना की कमाई पांच करोड़ रुपये से अधिक रही।

जेमिनी के एआई इमेज जेनरेशन टूल की इतनी आलोचना हुई कि उसने इस फीचर को अपने चैटबॉट से हटा लिया है। कंपनी का कहना है कि इसे दुरुस्त करने के बाद ही बहाल किया जाएगा। पिचाई ने भी त्द्दद्बठ्ठद्ब से हुई गलतियों को स्वीकार किया है। इसे ठीक किया जा रहा है और हमारी टीम लगातार इस मामले को ठीक करने के लिए 24 घंटे काम कर रही है। इस बीच गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में भी गिरावट आई है। इससे पहले जेमिनी के पिछले अवतार बार्ड में भी कई खामियां सामने आई थी। इससे गूगल की कल्चर पर भी सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि कंपनी आधे-अधूरे प्रॉडक्ट्स बाजार में लॉन्च कर रही है। इस कारण अब कंपनी के सीईओ पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

कल्चर पर उठ रहे सवाल

दरअसल गूगल की पहचान एक ऐसी कंपनी की रही है जो ठोक-बजाकर अपना माल बाजार में उतारती है। लेकिन बार्ड और अब जेमिनी की नाकामी ने कंपनी के बारे में इस धारणा को चूर-चूर कर दिया है। निवेशकों के बीच यह धारणा बन रही है कि गूगल एआई की रेस में पिछड़ चुकी है। एनालिस्ट बेन थॉमसन ने अपने पब्लिकेशन स्ट्रैटचेरी ने कहा कि गूगल को अपनी संस्कृति में बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गूगल ने जेमिनी का इमेज जेनरेशन टूल को बंद कर दिया है लेकिन इसका टेक्स्ट जेनरेशन टूल भी बेतुका है। गूगल को एआई को डोमिनेट करना चाहिए था लेकिन उसकी सबसे बड़ी बाधा उसका कल्चर है। यही कारण है कि पिचाई के मैनेजमेंट पर सवाल उठ रहे हैं।

पोपलिटी एआई के सीईओ अरविंद श्रीनिवास का कहना है कि अगर पिचाई अपने पद से हटते हैं तो उन्हें ही गूगल का सीईओ नियुक्त करना होगा। इसकी वजह यह है कि वह अल्फाबेट के भी सीईओ हैं। इससे पहले हेलिओस कैपिटल के फाउंडर समीर अरोड़ा ने यह दावा किया था कि जेमिनी एआई के नाकाम होने की वजह से गूगल पिचाई को निकालने का फैसला ले सकती है। एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर समीर अरोड़ा से एआई चैटबॉट जेमिनी को लेकर हुई कंट्रोवर्सी पर ओपनियन मांगा। इस पर जवाब देते हुए अरोड़ा ने लिखा कि पिचाई को निकाल दिया जाएगा या वे इस्तीफा दे देंगे। जेमिनी-एआई को लीड करने के बाद भी वह इस पर पूरी तरह से विफल हो गए हैं, जबकि दूसरी कंपनियों एआई में कहीं आगे निकल गई हैं।

---

### संक्षिप्त समाचार

## अजय देवगन ने खरीदे मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनी के 1 लाख शेयर, 6 महीने में पैसा डबल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने शेयर बाजार में बड़ा निवेश किया है। 'सिंघम' ने स्मॉलकैप स्टॉक पनोरमा स्टूडियोज़ इंटरनेशनल के एक लाख शेयर खरीदे हैं। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है।

रेगुलेटरी को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि अलॉटमेंट के जरिए 9 निवेशकों ने 24.66 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने 274 प्रति शेयर के हिसाब से 2.74 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बता दें, शनिवार को स्पेशल सेशन के बंद होने के बाद 949 रुपये के लेवल पर थे।

पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का 52 वीक हाई 970 रुपये प्रति शेयर और 52 वीक लो लेवल 91 रुपये प्रति शेयर है। वहीं, कंपनी का मार्केट कैप 1181.20 करोड़ रुपये का है।

शेयर बाजार में पनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का प्रदर्शन पिछले 6 महीने के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 271 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी पोजीशनल निवेशकों का पैसा इस दौरान दोगुना से अधिक हो गया है। वहीं, एक साल से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 861 प्रतिशत का फायदा हुआ है।

## 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड दे रही हैं कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में डिविडेंड देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। सनोफी इंडिया लिमिटेड इस हफ्ते शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। कंपनी ने एक शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 7 मार्च 2024 तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा।

**लगातार डिविडेंड देती आ रही है कंपनी :** कंपनी नियमित अंतराल पर डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी ने पिछले साल 377 रुपये का डिविडेंड दिया था। 28 अप्रैल को शेयर बाजार में कंपनी एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। इससे पहले 2022 में भी कंपनी ने 500 रुपये से अधिक का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में दमदार प्रदर्शन? :** शनिवार को स्पेशल सत्र बंद होने के बाद कंपनी के शेयरों को भाव बीएसई में 8736.10 रुपये था। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों 22 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, स्टॉक को होल्ड करने वाले इंवेस्टर्स को अबतक 51 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला है। बीएसई में कंपनी का 52 वीक हाई 9370.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 5329.70 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 20,119.24 करोड़ रुपये का है।

---

# यूट्यूब का भूत उतारने के लिए मां ने घर से निकाला, आज हैं दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर, जमकर छाप रहे पैसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिस्टरबीस्ट के नाम से तो आप वाकिफ होंगे। ऑनलाइन दुनिया में जिम्मी डॉनल्डसन की पहचान मिस्टरबीस्ट के रूप में है। यूट्यूब में टी-सीरीज के बाद मिस्टरबीस्ट के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जिस स्पीड से उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ रही है, वह जल्दी ही टी-सीरीज को पछाड़ देंगे। इसकी वजह यह है कि पांच महीने में भी कम समय में उनके सब्सक्राइबर्स की संख्या में 4.2 करोड़ का इजाफा हुआ है। अक्टूबर के मध्य में उनके 20 करोड़ सब्सक्राइबर्स थे जो अब 24.2 करोड़ पहुंच चुके हैं। टी-सीरीज के सब्सक्राइबर्स की संख्या 26 करोड़ है। जिम्मी डॉनल्डसन ने करीब एक दशक पहले 12 साल की उम्र में अपने यूट्यूब करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा लेकिन आज उनके हर वीडियो पर लाखों व्यूज आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 10 करोड़ डॉलर है।

यूट्यूब से उनकी सालाना कमाई 2.6 करोड़ डॉलर से अधिक है। वह अपने यूट्यूब चैनल्स पर विज्ञापनों के जरिए कमाई करते हैं। वह अपने मुख्य यूट्यूब चैनल के लिए 10 लाख डॉलर स्पॉन्सरशिप फीस चार्ज करते हैं। साथ ही वह हरेक महीने मर्केंडाइज के जरिए करीब 25 लाख डॉलर कमाते हैं। डॉनल्डसन का जन्म सात मई 1998 को अमेरिका में नॉर्थ कैरोलाइना के शहर ग्रीनविले में हुआ था। वह 12 साल की उम्र से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही थी। माइक्रोफोन खरीदने के लिए उन्होंने एक-एक डॉलर बचाए थे। साल 2016 में उन्होंने स्कूल की पढ़ाई छोड़कर मीडिया की सबसे बड़ी पहेली को सुलझाने की कोशिश की। यह पहेली थी कि यूट्यूब पर वीडियो कैसे वायरल होता है। उस समय उनकी उम्र 16 साल थी। वह करीब पांच साल से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी।

**मां संभालती है अकाउंट:** उन्हें लगा कि वह यूट्यूब के अलगॉरिद्म को अनलॉक करने के काफी करीब हैं। इसके बाद उन्होंने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर इस कोड को क्रैक करने की कोशिश की। डॉनल्डसन याद करते हैं, मैं हर समय यूट्यूब के बारे में सोचता था, वीडियो और फिल्ममेकिंग के बारे में सोचता था। यही मेरी दिनचर्या थी। जब उन्होंने स्कूल छोड़ा तो उनकी मां बहुत निराश हुई। मां ने डॉनल्डसन को घर से निकाल दिया था। लेकिन डॉनल्डसन का यह फैसला रंग लाया। साल 2017 में उनके पहले वायरल वीडियो में उन्होंने अपने कमरे में एक चेयर पर बैठकर 100,000 तक गिनती की। इसमें उन्हें 40 घंटे का समय लगा। जैसे-जैसे उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ने लगी उन्हें विज्ञापन भी मिलने लगे। इस कमाई को उन्होंने वीडियो बनाने पर खर्च किया और शानदार तथा बेहतर स्टंट किए। आज यूट्यूब में उनके फॉलोअर्स की संख्या 24 करोड़ पहुंच गई है। टिकटॉक पर भी उनके 9 करोड़ से अधिक और इंस्टाग्राम पर चार करोड़ फॉलोअर्स हैं। साथ ही वह मेटा के नए सोशल ऐप पर 10 लाख फॉलोअर्स हासिल करने वाले वह पहले शख्स थे। उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। उन्होंने इस उपलब्धि हासिल करने का जश्न भी अपने अंदाज में मनाया और रेंडम तरीके से चुने गए एक फैन को टेस्ला की कार गिफ्ट की। आज उनकी मां ही उनका अकाउंट संभालती है।

# बायजू कर्मचारियों को नहीं मिली फरवरी की सैलरी, मालिक बोले- हम पैसे देने में असमर्थ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडुटेक कंपनी बायजू का संकट बढ़ता जा रहा है। बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन और निवेशकों के बीच विवाद का असर अब कर्मचारियों पर भी पड़ने लगा है। बायजू रवींद्रन ने कहा कि निवेशकों के साथ विवाद के कारण बायजू अपने कर्मचारियों का वेतन देने में असमर्थ है। मतलब ये हुआ कि बायजू के कर्मचारियों को अपने फरवरी के वेतन के लिए इंतजार करना होगा।

रवींद्रन ने कहा कि कुछ निवेशकों की वजह से राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई रकम को एक अलग खाते में रखा गया है। रवींद्रन ने आरोप लगाया कि निवेशकों का छोटा समूह निचले स्तर तक गिर गया है। हम आपकी मेहनत की कमाई का भुगतान करने के लिए जुटाए गए फंड का उपयोग करने में असमर्थ हैं।




**निवेशकों ने की कमाई:** बायजू रवींद्रन के मुताबिक राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई राशि वर्तमान में एक अलग खाते में बंद है। यह एक दुखद वास्तविकता है कि इनमें से कुछ निवेशकों ने पहले ही पर्याप्त मुनाफा कमा लिया है। इनमें से एक ने अपने शुरुआती निवेश से आठ गुना अधिक मुनाफा कमाया है। बायजू रवींद्रन ने अपने कर्मचारियों से कहा- हम अस्थायी रूप से आपको वह वित्तीय सहायता प्रदान करने में असमर्थ हैं जिसके आप हकदार हैं। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आपके वेतन का भुगतान 10 मार्च तक कर दिया जाए।

**राइट्स इश्यू रोकने की मांग:** बता दें कि बायजू के निवेशकों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने अमेरिका में एक अस्पष्ट हेज फंड में 533 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हेराफेरी की। इसके साथ ही 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के राइट्स इश्यू पर रोक लगाने की मांग की है। निवेशकों का आरोप है कि यह राइट्स इश्यू अवैध और कानून के उलट है। एनसीएलटी ने भी बायजू को राइट्स इश्यू आगे बढ़ाने की सलाह दी थी। हालांकि, यह अनिवार्य नहीं किया था। ऐसे में बायजू ने अपना राइट्स इश्यू आगे बढ़ाने की बजाए 28 फरवरी को बंद कर दिया।

## भारत-नेपाल में जल्द शुरू होगी डिजिटल भुगतान सेवा, नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशानिर्देशों की सराहना करते हुए कहा कि नए निर्देशों से भारत-नेपाल के बीच डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। नए निर्देशों के तहत अब नेपाल के नागरिक प्रति डिजिटल लेनदेन के जरिये 2 लाख रुपये भारत से नेपाल भेज सकते हैं। इसके अलावा वॉक-इन ग्राहक प्रति लेनदेन 50,000 रुपये भेज सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नेपाल में यूपीआई की सुविधा के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस-नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद भारत-नेपाल के बीच नकदी ले जाने असुविधा खत्म हो जाएगी। आरबीआई के नए निर्देशों के मुताबिक, नेपाली खाताधारकों को प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये भेजने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा ग्राहक साल में 12 बार व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होकर 50,000 रुपये की राशि नेपाल भेज सकते हैं। जून 2023 में, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) ने भारत के यूपीआई और नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस को एकीकृत करके दोनों देशों के बीच सीमा पार डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू करने का एलान किया था। इसे नेपाल में एनपीआई नाम दिया जाएगा।



# अरबों डॉलर की संपत्ति के मालिक हैं चैटजीपीटी फाउंडर सैम आल्टमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओपनएआई के सह-संस्थापक और सीईओ सैम आल्टमैन की कुल संपत्ति दो अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। हालांकि हैरानी की बात ये है कि सैम आल्टमैन को दुनिया के सबसे चर्चित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस स्टार्टअप का चेहरा माना जाता है, लेकिन उनकी संपत्ति में इस एआई स्टार्टअप का योगदान नहीं है।

**विभिन्न स्टार्टअप में निवेश से बनाई संपत्तिः** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैम आल्टमैन के एआई स्टार्टअप ओपनएआई में कोई हिस्सेदारी नहीं है और सैम आल्टमैन की संपत्ति में बड़ी हिस्सेदारी वेंचर कैपिटल्स फंड और विभिन्न स्टार्टअप में निवेश की है। सैम आल्टमैन ने रेडइट में भी निवेश किया हुआ है और जल्द ही रेडइट के शेयर जारी होने वाले हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि सैम आल्टमैन की संपत्ति में आने वाले महीनों में और इजाफा होगा। ओपनएआई की कुल वैल्यू 86 अरब डॉलर आंकी गई है, लेकिन इसके सीईओ होते हुए भी सैम आल्टमैन के पास इसकी हिस्सेदारी नहीं है और ओपनएआई में सबसे बड़ी हिस्सेदारी 49 फीसदी माइक्रोसॉफ्ट की है।

सैम आल्टमैन की कुल संपत्ति में से 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति वेंचर कैपिटल फंड से आती है। आल्टमैन ने 43 करोड़ डॉलर अपॉलो प्रोजेक्ट में निवेश किए हैं। साथ ही रेडइट में आल्टमैन की 8.7 फीसदी हिस्सेदारी है। आल्टमैन ने 50 करोड़ डॉलर न्यूक्लियर फ्यूजन कंपनी हेलियोन एनर्जी इंक में निवेश किए हैं। साथ ही 18 करोड़ डॉलर रेट्रो बायोसाइंस में इन्वेस्ट किए हैं।

**मस्क ने सैम आल्टमैन पर किया मुकदमाः** टेस्ला और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने ओपनएआई और उसके सीईओ सैम आल्टमैन समेत कंपनी के कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा कर दिया है। ये मुकदमा समझौते के कथित उल्लंघन के मामले में दर्ज कराया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में मस्क या सैम आल्टमैन की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। आरोप है कि साल 2015 में ओपनएआई के संस्थापकों ग्रेग ब्रॉकमैन और सैम आल्टमैन ने नॉन प्रॉफिट कंपनी बनाने के लिए एलन मस्क से संपर्क किया था। इस कंपनी को इंसानों के फायदे के लिए एआई तकनीक पर आधारित तकनीक विकसित करने के लिए बनाया गया था। हालांकि ओपनएआई के मुनाफा कमाने पर फोकस करने के चलते ये समझौता टूट गया, जिसके चलते मस्क ने आल्टमैन और ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

# कंपनी के शेयर की कीमत अचानक हुई जीरो, कभी 2700 थी कीमत

## डूब गया निवेशकों का सारा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी कंपनी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड अब हिंदुजा ग्रुप की हो गई है। पिछले सप्ताह ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के 9,650 करोड़ रुपये के समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इसके बाद नए ऑनर ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड को स्टॉक मार्केट से डी-लिस्ट कराने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि रिलायंस कैपिटल के शेयरों की ना तो ट्रेडिंग हो सकेगी और ना ही निवेशक शेयर होल्ड कर सकेंगे। बता दें कि कंपनी के शेयरों की अंतिम ट्रेडिंग 26 फरवरी को हुई थी। इसकी कीमत 11.90 रुपये है। 2008 में इस शेयर कीमत 2700 रुपये से भी अधिक थी। वर्तमान में यह शेयर 99 प्रतिशत तक टूट चुका है।

**क्या है डिटेलः** रिलायंस कैपिटल ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- कंपनी के इक्विटी शेयरधारक का परिसमापन मूल्य शून्य है और इसलिए, इक्विटी शेयरधारक कोई भुगतान प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। वहीं, रिलायंस कैपिटल के किसी भी शेयरधारक को कोई प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा। आसान भाषा में समझें तो रिलायंस कैपिटल की डी-लिस्टिंग के बाद इक्विटी शेयरहोल्डर्स को कोई भी पेमेंट नहीं मिलेगा।



बीते मंगलवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रिलायंस कैपिटल पर नियंत्रण के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की तरफ से पेश 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। इसमें कर्जदाताओं को 63 प्रतिशत बकाया का नुकसान उठाना पड़ेगा। कंपनी के खिलाफ किए गए 38,526.42 करोड़ रुपये के कुल दावों में से सिर्फ 26,086.75 करोड़ रुपये के दावों को ही न्यायाधिकरण ने स्वीकार किया है। बोली प्रक्रिया में विजेता घोषित की गई आईआईएचएल ने स्वीकृत दावों का सिर्फ 37 प्रतिशत यानी 9,661 करोड़ रुपये ही चुकाने पर सहमति जताई है। इसका मतलब है कि कर्जदाताओं को अपने बकाया दावों का 63 प्रतिशत हिस्सा नहीं मिलेगा।

**2021 से प्रक्रिया शुरूः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर, 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को प्रशासनिक मुद्दों और भुगतान चूक की वजह से बर्खास्त कर दिया था। उस समय केंद्रीय बैंक ने नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया था, जिन्होंने कंपनी का अधिग्रहण करने के लिए फरवरी, 2022 में बोलियां आमंत्रित की थीं। बता दें कि रिलायंस कैपिटल पर 38,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज था और चार आवेदकों ने शुरू में समाधान योजनाओं के साथ बोली लगाई थी। हालांकि, लेनदारों की समिति ने कम बोली मूल्य होने से उन्हें नकारते हुए दूसरे दौर की नीलामी आयोजित की थी जिसमें आईआईएचएल और टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने शिरकत की थी।

# कपड़ा कंपनी का आ रहा आईपीओ, ग्रे मार्केट में तूफानी तेजी, 300 प्रीमियम पर पहुंचा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। अगले सप्ताह एक और आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। इसका नाम श्री कर्णी फैबकॉम लिमिटेड है। कंपनी के इस इश्यू में निवेशक 6 मार्च से दांव लगा सकेंगे। निवेशकों के लिए यह इश्यू 11 मार्च तक ओपन रहेगा। इसका प्राइस बैंड 227 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। श्री कर्णी फैबकॉम आईपीओ के जरिए ?42.49 करोड़ जुटाने वाला एक एनएसई एसएमई आईपीओ है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। बता दें कि 6 साल पुरानी श्री कर्णी फैबकॉम लिमिटेड कंपनी के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ग्रे मार्केट में गजब की दीवानगी देखने को मिल रही है।

ग्रे मार्केट के एनालिस्ट का मानना है कि ग्रे मार्केट में यह शेयर 300 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध है। यानी आईपीओ प्राइस 227 रुपये से 132.16 प्रतिशत प्रीमियम पर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में इस कंपनी की संभावित लिस्टिंग कीमत 527 होगी। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 14 मार्च को हो सकती है।

कंपनी फैबकॉम सामान, मेडिकल आर्क सपोर्ट, कुर्सियां, जूते और परिधान जैसे विभिन्न उद्योगों के लिए तैयार तकनीकी वस्त्रों का निर्माण करती है। उनकी प्रोडक्शन प्रक्रिया यार्न की खरीद से शुरू होती है और इसमें बुनाई, कोटिंग, प्रिंटिंग और फिनिशिंग शामिल होती है, जिसके परिणामस्वरूप बुने हुए और बुने हुए कपड़े उनके ग्राहकों की अनुकूलित विशिष्टताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए जाते हैं। बुने हुए कपड़े, बुने हुए कपड़े, लेपित कपड़े और 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर में विशेषज्ञता, वे विशेष तकनीकी वस्त्रों का उत्पादन करने के लिए यार्न, राल, ऐक्रेलिक और कोटिंग रसायनों का स्त्रोत बनाते हैं।

# महिला प्रीमियर लीग 2024 - मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई



इंडियंस ने एलिसे पेरी, यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है।कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरहाजिरी में टीम की अगुवाई करते हुए नैट साइवर-ब्रंट ने तीसरे ओवर में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को नौ रन पर आउट करके पहला झटका दिया, जबकि सैका इशाक ने सोफी को फंसाकर स्कोर 31/2 कर दिया। डिवाइन एलबीडब्ल्यू के बाद साइवर-ब्रंट ने सब्बिनेनी मेघना को 11 रन पर आउट कर आरसीबी की मुश्किलें बढ़ा दीं।हालांकि एलिसे पेरी ने अकेले संघर्ष करते हुए नाबाद 44 रन बनाए, ऋचा घोष (7) और सोफी मोलिनेक्स (12) ज्यादा योगदान नहीं दे पाईं। पूजा वस्त्राकर ने 2-14 जबकि इस्सी वोंग और सैका इशाक ने एक-एक विकेट हासिल किया।जवाब में यास्तिका भाटिया (31) और हेले मैथ्यूज (26) ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े।

## डब्ल्यूटीसी पाइंट टेबलः ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा

# अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची इंडिया

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 172 रन से हरा दिया। वेलिंगटन में खेले गए इस मुकाबले में कंगारुओं ने कीवियों के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रन पर ऑलआउट हो गई। पिछले दो दशक में यह ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 20 टेस्ट में से 17वीं जीत रही। कंगारू ने इस दौरान सिर्फ एक मैच गंवाया है। ऑस्ट्रेलिया की जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है। टीम इंडिया इस अंक तालिका में न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गई है।

### अंक तालिका का हाल

ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 75 से घटकर 60 रह गया है। उसने अभी तक पांच टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। एक में कीवी टीम को हार मिली है। कीवी टीम 36 अंक और 60 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर लुढ़क गई है। वहीं, भारत का अंक प्रतिशत 64.58 है। उसने अपने आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दो में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत के 62 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 59.09 है। उसके 78 अंक हैं। कंगारुओं ने अभी तक 11 टेस्ट खेले हैं और सात में जीत हासिल की है। तीन में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। बांग्लादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और टीम आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। पांच मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का अंक प्रतिशत शून्य है और वह नौवें स्थान पर है।



### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

### इंग्लैंड के खिलाफ जीता भारत तो पहला स्थान बरकरार

भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जीत हासिल करता है तो टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखेगा। हालांकि, अगर पांचवां टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त होता है या यदि इंग्लैंड जीत जाता है, तो यह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों के लिए अंक तालिका में टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत से आगे निकलने का दरवाजा खोल देगा। वहीं, न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट शुक्रवार, आठ मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

### मैच में क्या हुआ?

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेले गए टेस्ट की बात करें तो न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन बनाए। कैमरन ग्रीन ने 174 रन की पारी खेली। वहीं, मिचेल मार्श ने 40 रन बनाए। कीवियों की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिए। वहीं, न्यूजीलैंड की पहली पारी 179 रन पर समाप्त हुई। ग्लेन फिलिप्स ने 71 रन और मैट हेनरी ने 42 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने चार विकेट झटके। पहली पारी में कंगारुओं को 204 रन की बढ़त मिली थी।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 164 रन बनाए। लियोन ने 41 रन, ग्रीन ने 34 रन और ट्रेविस हेड ने 29 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से फिलिप्स ने पांच विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 368 रन की हुई और कीवियों को 369 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रन पर सिमट गई। रचिन रवींद्र ने 59 रन बनाए, जबकि डेरिल मिचेल ने 38 रन की पारी खेली। नाथन लियोन ने छह विकेट झटके। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीत हासिल की। ग्रीन को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग पूनिया की पत्नी पहलवान संगीता फोगाट ने युजवेंद्र चहल को कंधे पर उठाया



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल और पहलवान संगीता फोगाट ने शुक्रवार को झलक दिखला जा रैप-अप पार्टी के दौरान कुछ ऐसे पल साझा किए जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, दोनों इस तरीके से मस्ती की कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में संगीता को चहल को अपनी पीठ पर उठाते हुए और उन्हें नचाते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान चहल डर के मारे संगीता को रोकने की कोशिश करते हैं। काफी देर नचाने के बाद संगीता चहल को उतार देती हैं, लेकिन उनका सिर घूम रहा होता है। चहल की पत्नी धनश्री वर्मा डांस रियलिटी शो के पांच फाइनलिस्टों में से एक हैं और चहल ने अपने फैंस से उनके लिए वोट करने का अनुरोध किया था। धनश्री ने भी पार्टी की कुछ तस्वीरें साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में शिव ठाकरे, राजीव ठाकुर के साथ तस्वीर भी शेयर की है। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने चहल को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने पर हैरानी जताई थी।

### दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल



हैं। वुड्स 9 बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने बयान में कहा, 'बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं।

# हैदराबाद की कप्तान करते दिख सकते हैं कमिंस, स्टेन को लेकर ये है अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में अपनी भूमिका से ब्रेक का अनुरोध किया है, भले ही फ्रेंचाइजी 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के आगामी सीज़न के लिए कप्तान के रूप में पैट कमिंस की घोषणा कर सकती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है कि स्टेन ने फ्रेंचाइजी से इस साल के लिए हैदराबाद में अपनी कोचिंग भूमिका से ब्रेक के बारे में पूछा है। इसमें कहा गया है कि फ्रेंचाइजी अब नए गेंदबाजी कोच की तलाश कर रही है और इस संबंध में जल्द ही घोषणा की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका के लिए अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में 93 टेस्ट, 125 वनडे और 47 टी20 मैच खेलने के अलावा, स्टेन ने आईपीएल में अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी खेला था।



2022 में, स्टेन एक गेंदबाजी कोच की भूमिका में हैदराबाद फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए और उन्हें तेज गेंदबाज उमरान मलिक के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने का श्रेय दिया गया, जिन्होंने टी20 और वनडे में भारत की कैप हासिल की और हाल ही में उन्हें बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध का मौका मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और आवश्यकताएं पूरी होने तक स्टेन के अगले सीज़न में फ्रैंचाइज़ी में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद, हैदराबाद को न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर डेनियल विटोरी के रूप में नया मुख्य कोच मिला, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच हैं। इस बीच, आईपीएल 2024 के लिए हैदराबाद कप्तानी के बारे में बात करते हुए, उम्मीद है कि पिछले साल दुबई में नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये में उन्हें हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी कमिंस को अपना नया कप्तान घोषित करेगी।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) और पुरुष वनडे विश्व कप जीता था। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। हालाँकि, मार्करम ने एसए20 के पहले दो सीज़न में हैदराबाद फ्रैंचाइज़ी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने 2024 अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 27 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस.के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।



## कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होते ही श्रेयस अय्यर का फॉर्म गायब

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सिर्फ 8 गेंद खेलकर चलते बने

**मुंबई, एजेंसी।** बीते हफ्ते श्रेयस अय्यर ऐसे पहले क्रिकेटर बन गए, जिन्हें रणजी ट्रॉफी न खेलने के कारण बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हाथ धोना पड़ा था, लेकिन जिस तरह से वह घरेलू क्रिकेट में भी शॉर्ट बॉल से एक्सपोज नजर आ रहे हैं, वह उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। रणजी ट्रॉफी में ऐसे खेल के साथ तो उन्हें ऐसे भी कॉन्ट्रैक्ट मिलता नहीं दिख रहा है। तमिलनाडु के खिलाफ जारी सेमीफाइनल मुकाबले में श्रेयस अय्यर सिर्फ आठ गेंद में तीन रन बनाकर चलते बने। अय्यर के फैंस को विश्वास था कि उनका पसंदीदा क्रिकेटर बल्ले से आलोचकों को करारा जवाब देगा, लेकिन ऐसा हो न सका। ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हुए श्रेयस अय्यर को तेज गेंदबाज संदीप वारियर ने क्लीन बोल्ड कर दिया।

### नाथन लियोन ने रचा इतिहास

# डब्ल्यूटीसी के इतिहास में यह कमाल करने वाले पहले गेंदबाज



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइटवॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।

**नाथन लियोन ने बनाए ये रिकॉर्ड्स-** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन के नाम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (10) फाइव विकेट हॉल हो गए हैं, उन्होंने भारत के रविचंद्रन अश्विन (नौ) को पछाड़ दिया है। लियोन अब टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श को पछाड़ दिया। लियोन के नाम अब 128 टेस्ट मैचों में 527 विकेट हो गए हैं और उनका औसत 30.35 का है। उन्होंने अपने करियर में उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार 10 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 11 मैच में लियोन ने 18.90 की औसत से 60 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बार पांच विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड में छह विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं।

# भारतीय टीम ने हासिल किया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम को 172 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच में गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच जीतने में सफल रही। उन्होंने मैच में 174 रनों की पारी खेली। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारतीय टीम को तगड़ा फायदा हुआ है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है और न्यूजीलैंड को नुकसान हुआ है।



**पहले नंबर पर पहुंचा भारत-** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारते ही न्यूजीलैंड की टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में एक स्थान का नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड की टीम दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं भारतीय टीम ने नंबर-1 का ताज हासिल कर लिया है। हार के साथ न्यूजीलैंड के 60 प्रतिशत अंक हो गए हैं। भारतीय टीम के 64.58 अंक हैं। लेकिन जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे नंबर पर बनी हुई है। टीम के 59.09 प्रतिशत अंक हैं।

**न्यूजीलैंड को मिली हार -** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जो गलत साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन बनाए। टीम की तरफ कैमरून ग्रीन ने 174 रनों की पारी खेली। मिचेल मार्श ने 40 रनों का योगदान दिया। जोस हेजलवुड ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी सिर्फ 179 रनों पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 369 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रनों पर ऑलआउट हो गई।

### इंग्लैंड के खिलाफ किया दमदार प्रदर्शन

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में भारतीय टीम ने अभी तक 8 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम ने पांच में जीत हासिल की है और 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं एक टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ है। टीम इंडिया इस समय घर पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। भारत ने पहले ही सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर बने रहने के लिए टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम ने 2023-25 में 5 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से टीम ने तीन में जीत दर्ज की है और 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

# प्री-वेडिंग पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुईं प्रियंका



इन दिनों हर तरफ अंबानी परिवार के चर्चे हो रहे हैं। पूरा बॉलीवुड मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जामनगर पहुंच चुका है। बीती रात रात प्री-वेडिंग की कॉकटेल पार्टी में शाहरुख खान से लेकर सलमान खान फिल्मी गानों पर थिरकते दिखाई दिए। वहीं ईशा अंबानी की दोस्त और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की गैर-मौजूदगी को सबने नोटिस किया। कल मीडिया ने प्रियंका की मां मधु चोपड़ा से इस विषय में सवाल कई सवाल पूछे।

### पुराना सपना सच हुआ

अंबानी परिवार की खुशियों में शामिल होने के लिए प्रियंका चोपड़ा की मां जामनगर पहुंच चुकी हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होकर कैसा महसूस कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में मधु कहती हैं, मैं काफी समय से जामनगर आना चाहती थी, लेकिन कभी आ नहीं पाई। अब अनंत और राधिका की वजह से मुझे यहां आने का मौका मिला है। मेरी कुछ पुरानी यादें जुड़ी हैं जामनगर से इसलिए मैं यहां आकर काफी खुश हूं।

### प्रियंका करेंगी भरपाई

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा दूल्हे अनंत की बहन ईशा अंबानी की खास सहेली हैं। ईशा प्रियंका की शादी में शामिल भी हुई थीं। वहीं, अनंत के प्री-वेडिंग कार्यक्रम में प्रियंका की नामौजूदगी लोगों को खल रही है। जब मधु चोपड़ा से इस विषय में पूछा गया तब उन्होंने कहा, प्रियंका चाहती थीं कि वे इस भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनें लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। प्रियंका जल्द ही भारत आएंगी और सबसे मिलेंगी भी। बस थोड़ा इंतजार कीजिए।



अनंत-राधिका की कॉकटेल पार्टी

# बॉडीकॉन ड्रेस में कियारा ने दिखाया किलर फिगर

## मिसेज मल्होत्रा की तस्वीरों से नजरें नहीं हटेंगी हुजूर !

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी बी-टाउन की सबसे ज्यादा ग्लैमरस और बोल्ड एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

कियारा जब भी कोई आउटफिट कैरी करती हैं तो लोगों के होश उड़ा देती हैं। वहीं इस हसीना ने जब अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन की कॉकलेट पार्टी में अपने लुक को इतना किलर रखा कि जो देख वो कायल हो जाए। स्लिम-फिट फिगर की मालकिन कियारा ने आउटफिट भी ऐसी चुनी जो उनके कर्व्स को बेहद खूबसूरती के साथ उभारे। पार्टी के लिए कियारा ने लबिना डिला के कलेक्शन से फ्लोरलेंथ ब्लैक गाउन चुना था। इसकी फिटिंग बॉडीकॉन रखी गई थी जिस वजह से एक्ट्रेस का बार्बी डॉल जैसा फिगर हाइलाइट हो रहा था। ऑफ शोल्डर गाउन में प्लंजिंग नेकलाइन दी गई थी और अपर हेम कट को शार्प पीक लुक दिया गया था। नेक के दोनों पोर्शन को ट्रांसपैरेंट मेश से अटैच किया गया था ताकि नेकलाइन अपनी जगह पर टिकी रहे। ड्रेस के गले का ये डिजाइन लुक में जबरदस्त ऊम्फ फैक्टर ऐड कर गया।



# अनंत-राधिका प्री वेडिंग फंक्शन के होस्ट बने शाहरुख

## लगाए जय श्री राम के नारे

अभिनेता शाहरुख खान सहित कई मशहूर हस्तियों ने गुजरात के जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के तीन दिवसीय प्री वेडिंग फंक्शन में भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार शाम को अभिनेता के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आईं। अब शाहरुख खान का एक वीडियो सामने आया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, शाहरुख खान कुछ देर के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग फंक्शन पार्टी के होस्ट बने। एक वीडियो में शाहरुख काला कुर्ता, जैकेट और पायजामा पहनकर स्टेज पर पहुंचे। उन्होंने समारोह में जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने कहा, और बहुत अच्छे उपाय के लिए जय श्री राम। भगवान आप सब का भला करे। भगवान आप सभी को आशीर्वाद दें।

आपने नृत्य प्रदर्शन देखा है। भाइयों ने डांस किया है, बहनों ने डांस किया है, लेकिन जो एकजुटता कर सकती है, वह है प्रार्थना और आशीर्वाद के बिना आगे मत बढ़ो। इसके बाद शाहरुख ने अंबानी परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से परिचय कराया, जिन्होंने जल्द ही शादी करने वाले जोड़े अनंत और राधिका को आशीर्वाद दिया। शाहरुख ने राधिका और अनंत को आशीर्वाद देने के लिए कोकिलाबेन अंबानी, पूर्णिमा दलाल और देवयानी खिमजी को स्क्रीन पर पेश किया।

# मुंगेर की मनीषा रानी ने जीता झलक दिखला जा 11

## मिले 30 लाख रुपये

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाली मनीषा रानी को शनिवार रात सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के सीजन 11 की विजेता का ताज पहनाया गया।मनीषा को विजेता ट्रॉफी के अलावा 30 लाख रुपये का चेक मिला, जबकि उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। दोनों ने यस द्वीप, अबू धाबी की यात्रा का टिकट भी जीता।समापन समारोह में मर्डर मुबारक के कलाकार - सारा अली खान, विजय वर्मा और संजय कपूर मौजूद थे, जो नृत्य के लिए मंच पर प्रतियोगियों के साथ शामिल हुए।पांच फाइनलिस्ट मनीषा रानी, शोएब इब्राहिम, धनश्री वर्मा, अद्रिजा सिन्हा और श्रीराम चंद्रा थे, लेकिन केवल मनीषा, शोएब और अद्रिजा ही शीर्ष तीन में जगह बना सके।मनीषा का अंतिम प्रदर्शन ठुमकेश्वरी, डू यू लव मी, परम सुंदरी और सामी सामी ट्रैक पर था।




शोएब ने शाहरुख खान अभिनीत फिल्म जवान के गाने जिंदा बंदा पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। इसके बाद उन्होंने बादशाह ओ बादशाह गाना गाया, जो 1999 में अब्बास-मस्तान की फिल्म बादशाह में शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना पर फिल्माया गया था।अद्रिजा ने छम्मक छल्लो, नदिया के पार और मूव योर बॉडी के संगीत पर कोरियोग्राफ किए गए अपने नृत्य से भी सबका दिल जीता।बिहार के मुंगेर से आने वाली मनीषा ने अपनी जीत को एक सपना के सच होना बताया।उन्होंने कहा, ÷मैं जजों और दर्शकों के प्यार, समर्थन और प्रोत्साहन की आभारी हूं। मुझे पता था कि यह अनुभव मेरे जीवन को बदल देगा और यह वास्तव में बदल गया है। एक वाइल्डकार्ड प्रविष्टि के रूप में मुझे खुद को साबित करने के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ी और मेरा हर पल उत्साह से भरा रहा है और एक नर्तकी के रूप में मेरा विकास हुआ है।

मनीषा, जो कोविड लॉकडाउन के दौरान इंस्टाग्राम के बाद टिकटॉक पर अपने डांस रीलों से प्रमुखता से उभरीं, ने इससे पहले बिग बॉस ओटीटी 2 में सेकेंड रनर-अप का पुरस्कार जीता था।मनीषा ने अपने कोरियोग्राफर आशुतोष के प्रति आभार जताते हुए कहा ÷वह बहुत समझदार रहे हैं और हर हफ्ते, उन्होंने मुझे अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और मेरी नृत्य क्षमताओं के नए पहलुओं की खोज करने के लिए प्रेरित किया है। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह उन सभी की है, जिन्होंने मुझमें विश्वास किया और मेरा समर्थन किया।÷शो के तीन जजों में से एक, कोरियोग्राफर-फिल्म निर्माता फराह खान ने कहा ÷मनीषा ने नृत्य के लिए अपनी प्राकृतिक योग्यता से वास्तव में मंच पर आग लगा दी है। उन्होंने लगातार अपनी सीमाओं से परे खुद को आगे बढ़ाया है और सुंदरता के साथ नृत्य शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया है।

साथी जज अरशद वारसी ने कहा- मनीषा ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन से हर किसी के दिल में तेजी से जगह बनाई है। हर हफ्ते, वह अपनी अविश्वसनीय बहुमुखी प्रतिभा से हमें मंत्रमुग्ध कर देती है और प्रत्येक प्रदर्शन में उसका समर्पण, शालीनता और कौशल के साथ कड़ी मेहनत स्पष्ट होती है।÷तीसरी जज, मलाइका अरोड़ा ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला ÷पूरे शो में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट था।

वह वास्तव में मेरी बहुमुखी रानी हैं, हफ्ते दर हफ्ते परफॉर्मेंस देती हैं, जिससे हम सभी हैरान रह जाते हैं।अपनी नृत्य प्रतिभा से परे, मनीषा ने अपने गतिशील व्यक्तित्व और मधुर व्यवहार से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।उन्होंने अपनी अदाओं से अभिनेता शाहिद कपूर को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे वह सोचने लगे कि क्या उन्हें उनसे डांसिंग टिप्स लेनी चाहिए। उन्होंने जूही चावला को पापराजी के लिए पोज देने के लिए कुछ टिप्स देने का अवसर भी लिया और नोरा फतेही को अपने बेली डांसिंग कौशल से हैरान कर दिया।फिनाले में मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे की टीम - हुमा कुरैशी, होस्ट हर्ष गुजराल और कॉमेडियन इंदर साहनी भी नजर आए।

# इंस्टाग्राम पर नयनतारा के सीक्रेट मैसेज से विग्नेश के बारे में अटकलें तेज

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा ने अपने सोशल मीडिया पर एक सीक्रेट मैसेज शेयर किया, जिससे उनके फैंस चिंतित हो गए। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज़ सेक्शन में टेक्स्ट साझा किया, जिसमें लिखा था कि वह आंखों में आंसू होने पर भी हमेशा यही कहेंगी कि मुझे यह मिल गया। इंस्टाग्राम पर यह सीक्रेट मैसेज इस अफवाह के बाद आया है कि उन्होंने अपने पति, तमिल निर्देशक विग्नेश शिवन को अनफॉलो कर दिया है। एक रेडिट यूजर ने एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें नयनतारा किसे फॉलो करती हैं, उसकी जानकारी थी, हालांकि, इस स्क्रीनशॉट से विग्नेश गायब थे। हालांकि, विग्नेश फोटो-शेयरिंग ऐप पर नयनतारा की फ़ॉलोइंग लिस्ट में दिख रहे हैं। पिछले हफ्ते, नयनतारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की, जिसमें वह विग्नेश के साथ खड़ी देखी जा सकती हैं। नयनतारा ने कुछ नहीं लिखा, उन्होंने खो गए हम कहां गाना स्टोरी में जोड़ा था। नयनतारा आखिरी बार बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में नजर आई थीं।



# लव सेक्स और धोखा 2 में नहीं होंगी निर्मित कौर



लव सेक्स एंड धोखा ने सच में ऑडियंस के लिए एक अलग तरह के कंटेंट को दिखाने का सही माहौल बनाया है। बोल्डनेस, सेंशुअलिटी, टैलेंटेड कास्ट, दिलचस्प तीन जिंदगी से इंस्पायर्ड यह कहानियां, और बिना भूले सबसे पॉपुलर गाना इमोशनल अत्याचार के साथ, ये फिल्म एक ऐसी एंटरटेनर के रूप में सामने आई है जो अपने आप में एक अलग श्रेणी की है। अब जिस तरह के अनोखे और अलग तरह के कंटेंट ने ऑडियंस को दिए हैं, उसे अगले चैप्टर में बिना किसी शक एक लेवल ऊपर लेकर जाना पड़ेगा। इसी बीच खबर सामने आ रही हैं कि निर्मित कौर ने इस फिल्म को छोड़ दिया है।

### निर्मित कौर ने छोड़ी लव सेक्स और धोखा 2

लव सेक्स और धोखा 2 के साथ मेकर्स एक लंबे इंतजार के बाद अपनी वापसी के लिए बिल्कुल तैयार हैं। जैसा की फिल्म के लिए मेकर्स इस बार उसके लेवल को ऊपर उठाने जा रहे हैं, ऐसे में उसके लिए फिल्म के सीन्स को और बोल्ड करने की जरूरत पड़ेगी। इसी बीच हमें सुनने को मिला है कि निर्मित कौर ने बोल्ड सीन्स के कारण लव सेक्स और धोखा 2 में अपनी भूमिका छोड़ दी है।



# उपेंद्र लिमये मडगांव एक्सप्रेस की कास्ट में हुए शामिल

एक्टर उपेंद्र लिमये, जो एनिमल में सबके चहिते फ्रेडी के रूप ने नजर आए थे, वह अब मच अवेटेड मडगांव एक्सप्रेस में गैंगस्टर मेंडोज़ा भाई बनकर सामने आने वाले हैं। कास्ट को ज्वाइन करते हुए उन्होंने फिल्म में एंटरटेनमेंट की एक और बेजोड़ कड़ी जोड़ दी है। इस मजेदार सफर वाली फिल्म को पावरहाउस जोड़ी, रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर के तले बनाया गया है, जबकि इसका निर्देशन कुणाल खेमू ने किया है।

उपेन्द्र लिमये के मेंडोज़ा भाई के रूप में कदम रखने के साथ ही, तैयार हो जाइये नॉन-स्टॉप हंसी के ठहाको के लिए, क्योंकि वो अपने ह्यूमर का तड़का लगाने वाले हरकतों से सबको लोटपोट करने वाले हैं! मडगांव एक्सप्रेस के मेकर्स ने धमाकेदार अंदाज में शुरुआत करने के लिए बहुत ही मजेदार वीडियो और जबरदस्त पोस्टर रिलीज किया है, उसे देख फैंस फिल्म ने होने वाली मस्ती और खूब सारी खुरफाती का अंदाजा लगा सकते हैं। यह फिल्म कुणाल खेमू का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जिसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। ऐसे में इस फिल्म के लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह एक हंसी के तूफान को लेकर आने वाली है, जिसे आज से पहले किसी ने नहीं देखा है।

एनिमल में फ्रेडी के रोल के बाद, उपेन्द्र लिमये की वापसी से फैंस खुश हैं। ट्रेलर 5 मार्च को आएगा और फिल्म 22 मार्च 2024 को रिलीज होगी। तो दोस्ती, बहुत सारे ट्विस्ट टर्न और मजेदार एडवेंचर्स के लिए तैयार रहें!

# नई सोशल मीडिया तस्वीरों में माइली साइरस हुई टॉपलेस

**लॉस एंजेलिस ।** गायिका-गीतकार माइली साइरस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ आकर्षक तस्वीरें साझा की हैं। माइली ने 2024 ग्रैमी में फ्लावर्स के लिए रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और सर्वश्रेष्ठ पॉप सोलो परफॉर्मेंस का पुरस्कार जीता था। रिपोर्ट के अनुसार, गायिका ने अपना नया सोलो डॉक्टर (वर्क इट आउट) भी जारी किया, जिसके लिए उन्होंने जेन लोव और फैरेल विलियम्स के साथ सहयोग किया है। परिवार में कथित तनाव के बीच जारी किया गया है।



एक वीकली के अनुसार, साइरस परिवार के सबसे हालिया घटनाक्रम में, उनकी 56 वर्षीय मां टीश साइरस के बारे में अफवाह है कि उन्होंने नूह साइरस के प्रेमी से शादी कर ली है। टीश हाल ही में माइली के कैलिफ़ोर्निया एस्टेट में 54 वर्षीय डोमिनिक परसेल के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। 24 साल की नूह समारोह में नहीं थी थी और कुछ रिपोर्टों से पता चला है कि उन्हें बुलाया ही नहीं गया था। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नूह डोमिनिक को डेट कर रही थी, जिसके बारे में टीश को पता था, लेकिन फिर भी उन्होंने उनसे शादी कर ली।

# लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण शर्मा के साथ शादी के बंधन में बंधीं 'सुरभि चंदना'

## एक्ट्रेस सुरभि चंदना, फिल्मी स्टाइल में ली एंट्री



मशहूर टीवी एक्ट्रेस 'नागिन' फेम सुरभि चंदना शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। उन्होंने 2 मार्च को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण शर्मा के साथ शादी कर ली है। जिसके तमाम वीडियो और तस्वीरें सामने आ रही हैं। 1 मार्च को उनकी पहले मेहंदी हुई और फिर सगाई हुई। एक्ट्रेस की शादी में टीवी इंडस्ट्री के तमाम दिग्गज सितारे पहुंचे।

सुरभि की शादी का वीडियो काफी खूबसूरत है। उन्होंने बॉलीवुड ब्राइड की तरह एंट्री ली और फिर करण ने आकर उनका हाथ थामा। कपल ने साल 2023 में एक दूसरे के साथ गोवा में रोका किया था और अब इन्होंने जयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग की है। एक्ट्रेस की हल्दी, मेहंदी से लेकर शादी तक का लुक काफी खूबसूरत है। उन्होंने लड़कियों के लिए शादी का नया गोल सेट कर दिया है। सुरभि ने शादी में हल्के नीले और पिंक कलर का लहंगा पहना था। वेडिंग का जो वीडियो सामने आया है उसमें सुरभि आइल पर आती नजर आ रही हैं। सुरभि 'कहानी सुनो' गाने पर परफॉर्म करते हुए एंट्री ले रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही है।

तभी करण भी गाने पर परफॉर्म करते हुए आते हैं और उन्हें गले लगा लेते हैं। सुरभि ने लहंगे के साथ कस्टम-कट, फुल-स्लीव चोली पहनी थी, जिसमें एक स्वीटहार्ट नेकलाइन थी। सुरभि ने हल्का मेकअप किया था और गले में चोकर, मांग टीका और गोल्डन कलीरों के साथ पिंक चूड़ा पहना था। उनके दूल्हे करण ने मैचिंग शेरवानी पहनी थी। शादी से पहले सुरभि की चूड़ा सेरेमनी का वीडियो सामने आया था। इसके साथ ही सगाई और हल्दी के भी कई वीडियो उनके दोस्तों ने शेयर किए हैं। सगाई पर सुरभि ने ब्लैक कलर की सीक्वेंस वाली ड्रेस पहनी थी और मेहंदी के लिए उन्होंने ब्लू और ग्रीन कॉम्बिनेशन में आउटफिट वियर किया था। सुरभि का हल्दी वाला आउटफिट काफी खूबसूरत था, जिसकी चोली मल्टीकलर के सीक्वेंस से बनी थी।